दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 02 अप्रैल-2026 ● वर्ष : 11 अंक : 99 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## ट्रंप को ब्रिटेन की दो टूक!
## जंग में नहीं होगा शामिल



**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल जहां एक तरफ ईरान से युद्ध लड़े रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उन्हें अपने सहयोगी देशों को भी अपने साथ रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस युद्ध में शामिल होने के लेकर अमेरिका को अभी तक कई मित्र देशों से मनचाहा जवाब नहीं मिला है। ब्रिटेन ने भी बुधवार को जंग में शामिल होने को लेकर अपनी स्थिति को साफ कर दिया है। ब्रिटेन ने ट्रंप से कह दिया कि वह ईरान के खिलाफ युद्ध में उनका साथ नहीं देने वाला। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने ये साफ कर दिया है कि वो ईरान युद्ध में शामिल नहीं होगा।

डोनाल्ड ट्रंप का साथ देने की जगह ब्रिटेन ने इस युद्ध से दूरी बनाते हुए होर्मुज को फिर से खुलवाने पर जोर दिया है।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने कहा कि वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को दोबारा खुलवाने के लिए ग्लोबल होर्मुज समिट की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा है कि इसी हफ्ते ब्रिटेन की मेजबानी में लगभग 35 देश एक खास बैठक में शामिल होंगे।

## पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह की सुपुत्री शालिनी सिंह की पुस्तक 'बेबाक हूं बेअदब नहीं' का हुआ विमोचन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं कद्दावर नेता बृजभूषण सिंह की सुपुत्री शालिनी सिंह की 'बेबाक हूं बेअदब नहीं' पुस्तक का भव्य विमोचन दिल्ली-21 अशोक रोड पर हआ।

पुस्तक के विमोचन अवसर पर पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह, उनके सुपुत्र एवं सांसद करन भूषण सिंह, सुपुत्र प्रतीक भूषण सिंह, वरिष्ठ नेता कलराज सिंह, सुनील जोगी, कवि हरिओम पंवार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पुस्तक के विषय एवं भाषा को लेकर सभी ने प्रशंसा की।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि



अंकित त्यागी, वीवीआईपी ग्रुप के एमडी वैभव त्यागी, युवा नेता कुनाल त्यागी भी प्रमुखता से मौजूद रहे।

## ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर पुलिस कमिश्नर की बैठक में कई अहम निर्देश
## ट्रैफिक वॉलंटियर फोर्स पर फोकस
### तो इंटरसेप्टर के जरिये सख्त निगरानी पर जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बुधवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर, डीसीपी



ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन सहित सभी संबंधित एसीपी और निरीक्षक मौजूद रहे। बैठक में ट्रैफिक मैनेजमेंट को प्रभावी बनाने के लिए कई ठोस फैसले लिए गए। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ट्रैफिक वॉलंटियर फोर्स को मजबूत किया जाए और उन्हें सक्रिय रूप से सड़कों पर तैनात किया जाए, ताकि यातायात संचालन में सहयोग मिल सके। वहीं इंटरसेप्टर और सख्त निगरानी पर जोर दिया जाएगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चार पहिया और दो पहिया इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए गए। खासतौर पर एलिवेटेड रोड और प्रमुख मार्गों पर इनकी मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई हो सके। सीपी ने कहा है कि राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर और अन्य व्यस्त बाजारों में क्रेन और टोइंग व्यवस्था को रोजाना लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे अवैध पार्किंग और जाम की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। वहीं पुलिस कमिश्नर ने साफ निर्देश दिए कि निजी वाहनों पर लगी अवैध लाल-नीली हूटर/बीकन) बत्तियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी प्रकार की राहत न देने की बात कही गई है। यातायात व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हर महीने 1000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### राजनगर एक्सटेंशन और भोपुरा क्षेत्र में सुधार योजना

करंट क्राइम : बैठक में शहर के संवेदनशील ट्रैफिक पॉइंट्स पर भी फोकस किया गया। राजनगर एक्सटेंशन से एएलटी चौराहा और रोटरी गोल चक्कर तक अवैध कट चिन्हित कर बंद किए जाएंगे। भोपुरा से लोनी तिराहा मार्ग पर भी ट्रैफिक सुधार कार्य किए जाएंगे। डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने और सड़क डिजाइन में बदलाव कर दुर्घटनाओं को कम करने की योजना बनाई गई है।

## महर्षि कश्यप जयंती पर दिखेगा राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप का जलवा
## 2 डिप्टी सीएम, हजारों कुर्सियों और कार्यकर्ताओं का होगा बड़ा जलसा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप राजनीति के पुराने और अनुभवी चेहरे हैं। अगर उनके राजनीतिक प्रोफाईल की बात करें तो वो इस समय यहां सबसे अधिक सशक्त पोलिटिक्ल प्रोफाईल वाले नेता हैं। वो तीन बार एमएलसी रहे हैं और चौथी बार एमएलसी वाली पारी खेल रहे हैं। वो राज्यसभा सांसद रहे हैं। वो सियासी दल के राष्ट्रीय महासचिव रहे हैं। कई प्रदेशों के प्रभारी रहे हैं। मौजूदा समय में वो भाजपा सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होने के साथ साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। राजनीति के इन पदों के साथ-साथ उनका अपना एक सामाजिक कद भी है। वो अपनी राजनीतिक यात्रा में अपने कश्यप समाज के हितों की लड़ाई लड़ते हुए आये हैं। उनके हितों को लेकर वो मंचों पर आवाज उठाते हैं। वर्ष में एक बार ऐसा मौका आता है जब वो कश्यप समाज के महर्षि कश्यप की जयंती मनाते हैं। वो इसे कश्यप महाकुंभ का नाम देते हैं और हर कलेंडर की पांच अप्रैल वाली तारीख पर वो अपनी सामाजिक ताकत का एहसास कराते हैं।





सबसे बड़ी बात ये है कि इस क्रम को उन्होंने टूटने नहीं दिया है। ये एक बड़ी बात है कि लगातार कई दशकों से वो अपनी ताकत का एहसास कराते हैं। समाज को जोड़ते हैं। इस बार भी महर्षि कश्यप जयंती पर ताकत का जलवा दिखाई देगा। बताया जाता है कि महर्षि कश्यप जयंती पर जो कार्यक्रम आयोजित होगा, उसके लिए कई हजार कुर्सी लगाई गई हैं। एक लाख वर्ग मीटर में ये रैली आयोजित होगी। इस रैली में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मौजूद रहेंगे। ये दोनों डिप्टी सीएम मुख्य अतिथि के रूप में रहेंगे। कश्यप जयंती को लेकर तैयारियां चल रही हैं। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप स्वयं तैयारियों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वो लगातार सम्मेलन की सफलता को लेकर बैठकें आयोजित कर रहे हैं। कश्यप समाज में वो सियासी वजूद के सबसे मजबूत नेता माने जाते हैं। यहां उनकी एक खूबी ये भी है कि वे अपने समाज को एक दिन प्रमुखता से जोड़ते हैं और बड़े नेताओं के सामने वो ये भी साबित करते हैं कि कश्यप समाज की भागीदारी कितनी है, कश्यप समाज की ताकत कैसी है और सबसे बड़ी बात ये है कि ये समाज अपने महापुरूष की जयंती पर जुटता है। कश्यप समाज के हितों के संरक्षक की बात करें तो यहां पहला नाम राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का आता है। एक बार फिर वो ये ताकत दिखाने जा रहे हैं।

### महानगर संगठन की रहेगी पूरी सहभागिता : मयंक गोयल



करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी 5 अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा से प्रत्येक वर्ग के महापुरूषों का सम्मान करते आये हैं। ये हमारी संस्कृति है और यही शिष्टाचार है। हम राष्ट्रवाद की विचारधारा से ओतप्रोत हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि ये रैली केवल कश्यप समाज की नहीं है बल्कि ये रैली समाजिक समरसता की है। ये रैली भाजपा के नैतिक मूल्यों की है। इसके लिए भाजपा महानगर संगठन भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा। संगठन की पूरी सहभागिता रहेगी। उन्होंने दावा किया किभाजपा के हजारों कार्यकर्ता इस रैली में पहुंचेगे और कश्यप महाकुंभ में भाजपा कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ शामिल होंगे।

## दादरी रैली को लेकर रखे पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने अपने विचार
## भाजपा के साथ था, है और रहेगा गुर्जर समाज : प्रशांत चौधरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दादरी में समाजवादी पार्टी ने रैली की और अपना चुनावी शंखनाद किया। इस रैली को गुर्जर समाज की रैली बताया जा रहा है। इस रैली के संयोजक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी थे और बताया जाता है कि रैली में आस पास के कई जिलों से गुर्जर समाज के लोग शामिल हुए। पहले इस रैली को गुर्जर सम्मेलन का ही नाम दिया गया था फिर बाद में इसे भाईचारा रैली में कन्वर्ट कर दिया गया। रैली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश केपूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी आये। रैली की भीड़ को लेकर समाजवादियों ने इसे ऐतिहासिक बताया। अब ये चर्चा चल रही है कि समाजवादी पार्टी की रैली में गुर्जर समाज एकजुट हो गया है। क्या वास्तव में गुर्जर समाज सपा के साथ जा रहा है। क्या गुर्जर समाज साईकिल वाली पार्टी के साथ अपनी सियासी निष्ठा दिखा रहा है। इन सब सवालों को लेकर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने अपने विचारों को दैनिक करंट क्राइम से साथ साझा किया। प्रशांत चौधरी विधान परिषद सदस्य रहे हैं। उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत से विधायक रही हैं। प्रशांत चौधरी गुर्जर समाज से आते हैं और वो स्थानीय गुर्जर नेता भी है। महमदपुर उनका पैत्रक गांव है। गुर्जर समाज पर मजबूत पकड़ के लिए जाने जाते हैं। समाजवादी पार्टी की रैली को लेकर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि हर दल में सभी जातियों के नेता होते हैं। मैं किसी की व्यक्तिगत आलोचना नहीं करना चाहता लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि जो लोग इस रैली को अपनी राजनीति सफलता मान रहे हैं वो एक बार चुनावी आंकड़ों पर जरूर नजर डाल लें। अगर गुर्जर समाज यहां से सपा को वोट देता तो समजावादी पार्टी का कोई तो चेहरा जीतता।

समाजवादी पार्टी यहां एक विधायक नहीं चुन पाती है। अगर मेरी बात गलत लग रही हो तो वो पिछले दस सालों में समाजवादी को मिले वोटों की संख्या देख सकते हैं। कितने सांसद और विधायक समाजवादी पार्टी के आये हैं। कितने वोट यहां समाजवादी पार्टी को मिले हैं। उन्होंने कहा कि हर कोई दल अपनी संख्या ज्यादा बताता है। कई बार ये भी होता है कि किसी जनसभा में 100 लोग आये हैं लेकिन समर्थक हजारों की संख्या बताने लगते हैं। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि गुर्जर समाज हमेशा से भाजपा के साथ था भाजपा के साथ है और भाजपा के साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि मिहिरभोज कॉलेज में हुई रैली से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। ना तो ये रैली किसी वोट समीकरण को प्रभावित कर रही है और ना ही इस रैली से कोई समाज भ्रमित हुआ है। भाजपा हमेशा से गुर्जर हितों की चिंतक रही है और गुर्जर समाज भी भाजपा का साथ देता है।

# तीन राज्यों में फैला देश विरोधी नेटवर्क बेनकाब, 65 लाख की संदिग्ध फंडिंग की जांच जारी
## ट्रिपल लेयर तक पहुंची संदिग्ध खातों में हुई लेनदेन की जांच, 50 मोबाइल फोन और 100 से ज्यादा सिम कार्ड का जाल

कामयाबी

### मल्टी-एजेंसी जांचः कई राज्यों में दबिश, और गिरफ्तारी की तैयारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा कौशांबी थानाक्षेत्र के भोवापुर इलाके से उजागर किए गए देश विरोधी गतिविधियों से जुड़े बड़े नेटवर्क की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। शुरूआती खुलासों के बाद जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इस गिरोह की जड़ें और गहरी व्यापक होती जा रही हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह नेटवर्क केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके तार उत्तर प्रदेश, पश्चिम



बंगाल और पंजाब जैसे तीन प्रमुख राज्यों तक फैले हुए थे। वहीं अब तक की वित्तीय जांच में करीब 65 लाख रुपये के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हुआ है। तो चौंकाने वाली बात यह है कि इन ट्रांजैक्शनों से जुड़े पर्याप्त दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। पुलिस को आशंका है कि यह रकम देश विरोधी



गतिविधियों और टेरर फंडिंग में इस्तेमाल की जा रही थी। इस पूरे फाइनेंशियल नेटवर्क को समझने के लिए पुलिस ने ट्रिपल लेयर अकाउंट सिस्टम की जांच शुरू की है, जिसमें पैसे को अलग-अलग खातों के माध्यम से घुमाकर असली स्रोत और गंतव्य छिपाया जाता है।

### चीनी कैमरों से संवेदनशील स्थानों की निगरानी, पाकिस्तान तक भेजी जाती थीं सूचनाएं

करंट क्राइम : इस पूरे मामले की जांच में एक बेहद संवेदनशील और चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ है कि दो महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए गए कैमरे चीनी कंपनी के थे। इन कैमरों के जरिए रिकॉर्ड की गई गतिविधियों को पाकिस्तान तक भेजे जाने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के सीलमपुर इलाके से कुछ लोगों को हायर कर इन कैमरों को इंस्टॉल कराया गया था। यह पूरा काम ऑन-डिमांड आधार पर किया जाता था, जिससे नेटवर्क का सीधा लिंक छिपा रहे।

### महिलाओं की भूमिका भी संदिग्ध, मीरा और मैहर से अहम सुराग

करंट क्राइम : मामले में गिरफ्तार की गई दो महिलाओं मीरा और मैहर की भूमिका भी जांच के केंद्र में है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास, पारिवारिक कनेक्शन और डिजिटल गतिविधियों की गहराई से पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस आधुनिक सॉफ्टवेयर और डेटा एनालिसिस टूल्स का इस्तेमाल कर इनके फाइनेंशियल और कम्युनिकेशन नेटवर्क को खंगाल रही है, जिससे इस गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंच बनाई जा सके।

### 50 मोबाइल फोन और 100 से ज्यादा सिम कार्ड का जाल

करंट क्राइम : पुलिस और जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस नेटवर्क को संचालित करने के लिए करीब 50 मोबाइल फोन और 100 से अधिक सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया। पैसे की निकासी और लेनदेन के लिए रिश्तेदारों और परिचितों के मोबाइल नंबरों का उपयोग किया जाता था, जिससे जांच एजेंसियों को गुमराह किया जा सके। यह तरीका पेशेवर आपराधिक नेटवर्क की ओर इशारा करता है।

### मल्टी-एजेंसी जांचः कई राज्यों में दबिश, और गिरफ्तारी की तैयारी

करंट क्राइम : इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, पंजाब, मुंबई और पश्चिम बंगाल की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी इस केस में सक्रिय हो गई हैं। लगातार कई राज्यों में दबिश दी जा रही है और सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कई और लोगों की गिरफ्तारी संभव है।

### टेक्निकल एविडेंस और डिजिटल ट्रेल पर फोकस : डीसीपी

करंट क्राइम : डीसीपी मुख्यालय धवल जायसवाल के अनुसार, पुलिस इस मामले में हर स्तर पर तकनीकी साक्ष्य जुटा रही है। आरोपियों के डिजिटल बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का विश्लेषण किया जा रहा है। जांच एजेंसियां इस नेटवर्क के हर लिंक को जोड़कर एक मजबूत चार्जशीट तैयार करने की दिशा में काम कर रही हैं। अब तक की जांच यह स्पष्ट संकेत दे रही है कि यह कोई सामान्य आपराधिक मामला नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और संगठित नेटवर्क है, जिसमें फाइनेंशियल फ्रॉड, तकनीकी जासूसी और देश विरोधी गतिविधियों का खतरनाक मेल देखने को मिल रहा है। गाजियाबाद पुलिस और अन्य एजेंसियों के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती इस पूरे नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर इसके मास्टरमाइंड तक पहुंचने की है।

02 April -26 page 2 01-04-2026 22:08 Page 1





# अप्रैल के पहले ही दिन महंगाई की मार

## कमर्शियल गैस सिलिंडर हुआ 195 रुपये महंगा

**पश्चिम एशिया संकट**

**राहत की बात केवल इतनी है कि घरेलू रसोई गैस (14.2 किलो) की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया**




**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष के पहले ही दिन आम जनता और व्यापारियों को महंगाई का जोरदार झटका लगा है। तेल कंपनियों ने बुधवार को कमर्शियल एलपीजी (19 किलोग्राम) के सिलिंडरों की कीमतों में 195.50 रुपये की भारी बढ़ोतरी कर दी है। यह वृद्धि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के कारण की गई है।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष और अस्थिरता के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। इसी वैश्विक दबाव के कारण घरेलू स्तर पर गैस की कीमतों को बढ़ाना पड़ा है।

**दिल्ली में इतना है सिलिंडर का रेट :** सरकारी तेल कंपनियों द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश की राजधानी दिल्ली में अब 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत 2,078.50 रुपये हो गई है। इससे पहले 1 मार्च को भी कीमतों में 114.5 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी, यानी मात्र एक महीने के अंतराल में व्यापारिक गैस के दाम 300 रुपये से अधिक बढ़ चुके हैं।

**खाद्य वस्तुएं भी महंगी हो सकती हैं :** कमर्शियल गैस के महंगे होने से रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों की लागत बढ़ जाएगी। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में बाहर खाना और अन्य खाद्य वस्तुएं भी महंगी हो सकती हैं। हालांकि, घरेलू रसोई गैस (14.2 किलो) की कीमतों में फिलहाल किसी बदलाव की खबर नहीं है।

**घरेलू रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं :** राहत की बात केवल इतनी है कि घरेलू रसोई गैस (14.2 किलो) की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, कमर्शियल गैस की इस आग ने व्यापारियों और मध्यम वर्ग की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

**आम आदमी पर असर :** कमर्शियल गैस के दाम बढ़ने का सीधा असर खान-पान की वस्तुओं पर पड़ेगा, जहां खाना पकाने की लागत बढ़ने से बाहर खाना महंगा हो सकता है। साथ ही शादियों और कार्यक्रमों के बजट में बढ़ोत्तरी होने की आशंका है। इसके अलावा मिठाई और अन्य प्रोसेस्ड फूड के दामों में भी तेजी आ सकती है।

# वंदे भारत का खाना खाकर बीमार हुए मां-बेटे

## लंच खाने के बाद सूजे महिला के होंठ, बच्चे को हुआ डायरिया

**चिंता**

**आईआरसीटीसी ने कहा, किसी अन्य यात्री की ओर से ऐसी कोई शिकायत नहीं आई**




**नई दिल्ली।** देश की सबसे आधुनिक और प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के खाने की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। यात्रियों द्वारा लगातार शिकायतें सामने आने से व्यवस्था पर चिंता बढ़ रही है। हाल ही में एक महिला यात्री ने दावा किया कि, ट्रेन में परोसा गया लंच खाने के बाद उनके होंठ सूज गए। उन्हें गंभीर एलर्जी की समस्या हो गई। इस घटना का वीडियो और पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे मामला चर्चा में आ गया है।

यह मामला 27 मार्च 2026 का बताया जा रहा है। जब रांची की रहने वाली आयुषी सिंह ट्रेन नंबर 22500 वंदे भारत एक्सप्रेस से वाराणसी से देवघर की यात्रा कर रही थीं। वह ई-वन कोच में सफर कर रही थीं। ट्रेन में आईआरसीटीसी द्वारा परोसा गया लंच उन्होंने और उनके दो साल के बेटे ने भी खाया। आयुषी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, खाना खाने के कुछ ही मिनटों बाद उनके ऊपरी होंठ सूजने लगे। शरीर में एलर्जी के लक्षण दिखने लगे। उनकी हालत इतनी बिगड़ गई कि मामला गंभीर हो गया। उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता लेनी पड़ी।

महिला ने यह भी बताया, उसी खाने को खाने के बाद उनके दो साल के बेटे को दस्त की समस्या हो गई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी सूजी हुई होंठों की तस्वीरें और डॉक्टर की मेडिकल रिपोर्ट भी साझा की।

पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि यह समस्या ट्रेन के खाने की वजह से हुई। मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन में भी वंदे भारत ट्रेन में खाना खाने के बाद गंभीर एलर्जी का जिक्र किया गया है।

# जेल में 'बाबा' : अश्लील साइटों तक पहुंचे अशोक खरात केस के वीडियो

**फ्रॉड 'बाबा'**

**वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है**






**पुणे/नासिक:** महाराष्ट्र के नासिक में खुद को महादेव का अवतार बताकर महिलाओं का यौन शोषण करके अशोक खरात उर्फ भोंदू बाबा के लीक हुए वीडियो ने कई जिंदगियां तबाह कर दी हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद महिलाओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ितों के परिवार को बाहर निकलने में दिक्कत हो रही है। महिला और परिवार के सदस्य 'वर्क फ्रॉम होम' कर रहे हैं। ऐसा तब हुआ है जब प्रशासन की तरफ अशोक खरात मामले से जुड़ी क्लिप्स के वायरल नहीं होने के भी कदम उठाए जा रहे हैं। 'बाबा' कैप्टन अशोक खरात से जुड़े वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पीड़ितों के परिवार गहरे संकट में हैं। एक रिश्तेदार ने बताया कि ऑनलाइन क्लिप्स सामने आने के बाद उन्हें अपने दफ्तर से 'घर से काम' करने की गुजारिश करनी पड़ी है।

### अश्लील साइटों पर पहुंचे वीडियो

अधिकारियों का कहना है कि इन क्लिप्स का वायरल होना न केवल पीड़ितों के परिवारों को मानसिक आघात पहुंचा रहा है, बल्कि संभावित गवाहों को भी आगे आने से हतोत्साहित कर रहा है, जिससे जांच प्रक्रिया में बाधा आ रही है। अशोक खरात मामले के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे हैं।

जांचकताओं के मुताबिक ये वीडियो अश्लील वेबसाइटों पर भी पहुंच गए हैं। 23 मार्च को महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस द्वारा जारी निर्देशों के बाद, प्रशासन ने उन मीडिया प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है, जिन्होंने इस तरह की सामग्री प्रसारित करते समय निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया। इस संबंध में कई समाचार चैनलों को

### अशोक खरात केस में बड़े खुलासे?

नासिक की एक अदालत ने अशोक खरात की पुलिस कस्टडी 1 अप्रैल, 2026 तक बढ़ा दी है।
एसआईटी को संदेह है कि नासिक के कुछ डॉक्टर खरात की मदद कर रहे थे।
आरोप है कि महिलाओं के यौन शोषण के लिए उन्हें सम्मोहन और गर्भपात की दवाइयां दी जाती थीं।
खरात के आलीशान बंगले और ईशानेश्वर मंदिर वाले फार्महाउस को एसआईटी ने पूरी तरह सील कर दिया है।
छापेमारी के दौरान खरात के पास से 100 से अधिक संदिग्ध वीडियो मिले हैं।
पुलिस हिरासत में अशोक खरात का एचआईवी टेस्ट कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट निगेटिव आई है।

### चौंकाने वाला खुलासा : 15 लाख रुपये किलो के रेट से बेचा 'जादुई' शहद

नासिक : स्वयंभू बाबा और बलात्कार के आरोपी अशोक खरात के खिलाफ मामलों की जांच एसआईटी कर रही है। जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इसमें पता चला है कि स्वयंभू 'बाबा' ने जादुई शहद बेचा। उसने दावा किया था कि तुर्की की एक गुफा से इकट्ठा किया गया यह शहद दुर्लभ किस्म का है। इस बाबा को महाराष्ट्र के नासिक शहर में धार्मिक अनुष्ठानों की आड़ में कई महिलाओं के साथ बलात्कार करने और उन्हें धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### अशोक खरात के बेटे से एसआईटी की पूछताछ, पत्नी की तलाश जारी

खरात के खिलाफ नासिक के सरकारवाड़ा पुलिस स्टेशन में कम से कम 10 एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से आठ यौन उत्पीड़न या शोषण के आरोप में और दो धोखाधड़ी के मामले हैं। वहीं, एसआईटी को फोन पर उसके खिलाफ 100 से अधिक शिकायतें मिली हैं। एसआईटी की एक टीम अशोक खरात के कर्मयोगी नगर स्थित आवास पर पहुंची और उसके बेटे हर्षवर्धन को हिरासत में ले लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उसे पूछताछ के लिए महाराष्ट्र पुलिस अकादमी ले जाया गया। जांचकर्ता खरात की पत्नी कल्पना का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, एसआईटी को उसके आवास पर वह नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने बेटे को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि आज यानी बुधवार को खरात की पुलिस हिरासत समाप्त हो रही है, जिसके बाद उसे स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा।

# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने का बिल लोकसभा से पारित

**बिल का समर्थन**

**भाजपा और तेदेपा के साथ ही कांग्रेस ने भी इस बिल का समर्थन किया**



**नई दिल्ली।** अमरावती को आंध्र प्रदेश की स्थायी और एकमात्र राजधानी के रूप में मान्यता देने वाला बिल बुधवार को लोकसभा से पारित हो गया। भाजपा और तेदेपा के साथ ही कांग्रेस ने भी इस बिल का समर्थन किया। हालांकि आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी वाईएसआरसीपी ने इस बिल का विरोध किया। लोकसभा में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक, 2026 पर बहस शुरू करते हुए कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से बिल का समर्थन करती है, लेकिन राज्य को विशेष दर्जा भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अमरावती को बंगलूरू, चेन्नई या हैदराबाद की तरह विकसित किया जाए। विशाखापत्तनम, तिरुपति और कुर्नूल को भी विकसित किया जाए। हम अमरावती को आंध्र प्रदेश की स्थायी राजधानी मानते हैं।' चंद्र शेखर पेम्मासानी ने भी सदन से अपील की कि बिल को सर्वसम्मति से पास किया जाए ताकि आंध्र प्रदेश की स्थायी राजधानी मिल सके।

# नगालैंड के उग्रवादी संगठन एनएससीएनके पर प्रतिबंध बरकरार

**नागालैंड।** गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) ट्रिब्यूनल ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (खापलांग) पर लगे पांच साल के प्रतिबंध की पुष्टि कर दी है।

केंद्र सरकार ने इस संगठन, इसके सभी गुटों और शाखाओं पर यह पाबंदी लगाई थी। हाल ही में जारी एक अधिसूचना में इस आदेश की जानकारी दी गई है। ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी जस्टिस नेल्सन सैलो ने 19 मार्च को यह फैसला सुनाया। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि गतिविधियां भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए नुकसानदेह हैं। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत से अलग होना है। ट्रिब्यूनल ने यह भी माना कि संगठन और इसके सदस्यों के काम करने के तरीके से कोई संदेह नहीं रह जाता कि वे भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ रहे हैं।

# सीएम ममता बनर्जी को सता रहा नए अधिकारियों का डर

**आरोप**

**ममता ने उम्मीदवारों से कहा- नामांकन भरते समय सतर्क रहें**



**कोलकाता।** टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशियों से नामांकन दाखिल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। गौरतलब है कि बंगाल में चुनाव एलान के बाद बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'सब कुछ बदल दिया गया है, यहां नया सेटअप है। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारी आपके नामांकन खारिज करने के लिए लगाए गए हैं, इसलिए नामांकन भरते समय सतर्क रहें।' उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी राजनीतिक फायदे के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

# ओडिशा में नए सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो लोगों की मौत

**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर जिले में नवनिर्मित सेप्टिक टैंक के अंदर दो लोगों की दम घुटने से मौत हो गई और दो अन्य बीमार पड़ गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार को महुलपाली पुलिस थाना क्षेत्र के केसैबहाल गांव में घटी। मृतकों की पहचान सुशील नायक (40) और भिखारी चरण बेहरा (42) के रूप में हुई है। दोनों उसी गांव के निवासी थे। हेमंत बेहरा (48) और आनंद मांझी (39) के रूप में पहचाने गए दो अन्य लोग बीमार पड़ गए और कुचिंडा उप-मंडल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि चार मजदूर नवनिर्मित सेप्टिक टैंक में उसके शटरिंग स्ट्रक्चर को तोड़ने के लिए दाखिल हुए।

हालांकि, इसी दौरान नाइक को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। टैंक में ऑक्सीजन की कमी होने के कारण चारों मजदूर बेहोश हो गए। दमकल कर्मियों ने बाद में चारों लोगों को बचाया और उन्हें पास के अस्पताल ले गए, जहां नाइक और भिखारी चरण बेहरा को मृत घोषित कर दिया गया।

# गैस की खातिर रातों की नींद कुर्बान

## 200 लोगों की कतार में आए महज 70 सिलिंडर तो हुआ हंगामा

**मची त्राहि-त्राहि**

**इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उपभोक्ता रात 12 बजे से ही सिलिंडर लेकर कतारों में डंटे हैं**



**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार स्थित नाउवा खेड़ा गांव में रसोई गैस के लिए मची त्राहि-त्राहि अब सड़कों पर हंगामे और पुलिसिया दखल तक पहुंच गई है। हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उपभोक्ता रात 12 बजे से ही खाली सिलिंडर लेकर कतारों में डट रहे हैं। रात भर एक मैदान में चटाई बिछाकर और मच्छरदानी लगाकर पहरेदारी करने के बावजूद कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

इन उपभोक्ताओं को बाबा विश्वनाथ गैस एजेंसी (60 फीट रोड) से सिलिंडर की आपूर्ति होती है, मगर मंगलवार को इनका धैर्य उस समय जवाब दे गया, जब 10 घंटे लाइन में लगने के बाद भी एजेंसी की गाड़ी सुबह करीब 10 बजे केवल 70 सिलिंडर लेकर पहुंची, जबकि कतार में 200 से अधिक लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे।

आक्रोशित लोगों ने गाड़ी को यह कहकर लौटा दिया कि सिलिंडर बंटेगा तो सबको मिलेगा, वरना किसी को नहीं। मौके पर बढ़ते तनाव को देख सुबह करीब 10:35 बजे पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में कतार में आगे खड़े लोगों को सिलिंडर बांटा गया। बाकी लोग अगले दिन सिलिंडर मिलने की आस में फिर कतार में लग गए।

दुबग्गा निवासी रामेश्वर प्रसाद तीन दिनों से लाइन में डटे थे। उन्होंने बताया कि घर से मच्छरदानी और पानी की बोतल लाते हैं और मैदान में रात भर सोते हैं। तीन दिन बाद मंगलवार को उनका 18वां नंबर आया, तब उन्हें गैस मिल सकी।

वहीं, सुल्तान ने बताया कि वह तीन दिन से रात 12 बजे आकर कतार में खड़े हो जाते हैं। इसके बावजूद आज भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

# 40 फीसदी जिलों में वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र नहीं

**नई दिल्ली।** देश के करीब 40 फीसदी जिलों में एक भी सरकारी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र नहीं है। इसके कारण लाखों लोग उस हवा के बारे में सटीक जानकारी नहीं पा रहे, जिनमें वे सांस लेते हैं। वायु गुणवत्ता की निगरानी और प्रबंधन के समाधान विकसित करने वाली वैश्विक कंपनी एयरवॉइस की ओर से कराए गए अध्ययन में यह दावा किया गया है। भारत में वायु गुणवत्ता डाटा की उपलब्धता : वितरण, कमियां और नेटवर्क सहसंबंध नामक अध्ययन के निष्कर्ष मंगलवार को जारी किए गए। अध्ययन में तीन मुख्य निगरानी प्रणालियों मैनुअल राष्ट्रीय वायु निगरानी कार्यक्रम, सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क व वायु गुणवत्ता, मौसम पूवार्नुमान एवं अनुसंधान प्रणाली (सफर) के 2025 तक के आंकड़ों का उपयोग किया गया। विश्लेषण में पाया गया कि दिल्ली, मुंबई व बंगलूरू जैसे शहरों में निगरानी कवरेज बेहतर है, तो मध्यम आकार के कई शहरों व लाखों की आबादी वाले बड़े जिलों में सिर्फ एक या दो स्टेशन हैं या नहीं हैं।

# सीएम योगी ने बेमौसम बारिश से परेशान किसानों का जाना हाल

**बेमौसम बरसात**

**सीएम ने डीएम से रिपोर्ट मांगी, मुआवजे का दिया निर्देश**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में बुधवार को हुई बारिश से परेशान किसानों का हाल जाना। उन्होंने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम की मार झेलने वाले किसानों को परेशानी न हो, किसान हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर आपदा-विपदा में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। विगत दिनों हुई बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। बुधवार को होने वाली बारिश के कारण भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए।

# चिंताजनक: आंत के कैंसर को लेकर 80 प्रतिशत भारतीय बेखबर, नहीं पहचान पाते शुरुआती लक्षण

**सर्वे**

**सर्वे के नतीजे दिल्ली में एक कार्यक्रम में साझा किए गए, दिल्ली से जुड़े आंकड़े काफी चिंताजनक हैं**



नई दिल्ली। देश में पाचन संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन लोग गंभीर बीमारियों को लेकर अब भी जागरूकता नहीं हैं। हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय सर्वे परसेप्शन ऑडिट में पता चला कि दिल्ली के 80% लोग नहीं जानते कि मल में खून आना कोलोरेक्टल कैंसर (आंत का कैंसर) का शुरूआती संकेत हो सकता है।

मर्क स्पेशियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने यह सर्वे 14 बड़े भारतीय शहरों में किया। इसमें 25 से 65 वर्ष के 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। सर्वे के नतीजे दिल्ली में एक कार्यक्रम में साझा किए गए। दिल्ली से जुड़े आंकड़े काफी चिंताजनक हैं। दिल्ली से 679 प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें 341 पुरुष और 337 महिलाएं रहीं। डॉक्टर के पास न जाने के पीछे समय की कमी, डर, झिझक और बीमारी को गंभीरता से न लेना है।

**सर्वे में शामिल शहर :** सर्वे कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोच्चि, लखनऊ, मुंबई, पुणे और दिल्ली के लोगों पर किया गया। 20 दिन तक ईमेल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के जरिये से सर्वे किया गया।

**सर्वे का परिणाम :** करीब 89.5 फीसदी लोग मल त्याग में बदलाव होने पर डॉक्टर के पास जाने के बजाय खुद दवा लेने या खान-पान बदलने का रास्ता अपनाते हैं।

86 फीसदी लोग नियमित रूप से बाहर या पैकेज्ड भोजन करते हैं, जो पाचन समस्याओं को बढ़ा सकता है।

80% फीसदी से ज्यादा लोग मल में खून आने को चेतावनी नहीं मानते।

65% से अधिक लोगों ने अनियमित मल त्याग की समस्या बताई। 35.5% नियमित व्यायाम करते हैं।

### डॉक्टरों ने दी चेतावनी

ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मनीष सिंघल के अनुसार, यह कैंसर बड़ी आंत या मलाशय में छोटे पॉलिप्स के रूप में शुरू होता है। मल में खून आना, अचानक वजन कम होना, पेट दर्द और थकान मुख्य लक्षण हैं, जिन्हें अनदेखा करना भारी पड़ सकता है। डॉ. शेफाली सरदाना ने दिल्ली के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि लोग अक्सर डॉक्टरी सलाह के बजाय खुद दवा लेने की गलती करते हैं, जिससे बीमारी गंभीर हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर जांच और सही आदतों से इस कैंसर के जोखिम कम कर सकते हैं।

# लूथरा ब्रदर्स को मिली जमानत फिर भी रहेंगे सलाखों के पीछे

**अग्निकांड मामला**

**यह पूरा मामला 6 दिसंबर 2025 को अरपोरा स्थित नाइटक्लब में लगी भीषण आग से जुड़ा है**



**पणजी ।** गोवा के चर्चित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब अग्निकांड मामले में एक बड़ा मोड़ आया है। मर्सेस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने क्लब के मालिकों, गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को नियमित जमानत दे दी है। अदालत में वरिष्ठ वकील सुबोध कांतक और वकील वैभव सूरी ने आरोपियों का पक्ष रखा।

अदालत से जमानत मिलने के बावजूद दोनों भाई अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। मापुसा पुलिस ने सोमवार को इन दोनों भाइयों को अपनी हिरासत में ले लिया है। यह कार्रवाई फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में की गई है। पुलिस का आरोप है कि इन लोगों ने आबकारी विभाग से लाइसेंस लेने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर वाला दस्तावेज इस्तेमाल किया था।

यह पूरा मामला 6 दिसंबर 2025 को अरपोरा स्थित नाइटक्लब में लगी भीषण आग से जुड़ा है। उस दर्दनाक हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। आग लगने के बाद दोनों आरोपी थाईलैंड भाग गए थे, जिन्हें 17 दिसंबर को वहां से वापस भारत लाया गया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 02 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष वाली शुरू हो चुकी है दावेदारी की रेस

## ये हो सकते हैं अध्यक्ष की कुर्सी के मजबूत वाले फेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में मुख्य टीम के अलावा फ्रंटल ऑर्गेनाईजेशन भी सियासी किरदारों को जन्म देते हैं। हर दल में मोर्चा भी सशक्त माध्यम होता है।



भाजपा की बात करें तो यहां युवा मोर्चा एक ऐसा रास्ता है जहां से होकर कोई एमएलसी बना है तो कोई प्रदेश अध्यक्ष बना है। नाम ही यूथ है तो फिर इसमें वही चेहरे आते हैं जिनका अपना सियासी वजूद है। ये चेहरे सियासत की रेस में अपने दम खम को कई बार दिखाते हैं। ये वो चेहरे हैं जो राजनीति में प्रमुखता से नजर आते हैं। अब जब महानगर की टीम गठित हो गई है। तो अब यहां सबसे ज्यादा चर्चा उस मोर्चे की है जो सबसे ज्यादा चर्चाओं में रहता है। मोर्चा भाजपा युवा मोर्चा है। खास बात ये है कि भाजपा युवा मोर्चा के दो अध्यक्ष रह चुके चेहरे अब महानगर की टीम में आ गये हैं। ऐसे में युवा मोर्चा की दावेदारी शुरू हो गई है। बताया ये जाता है कि कोई लखनऊ तो कोई दिल्ली में अपने नेटवर्क को मजबूत कर रहा है। लेकिन ये भी तय है कि युवा मोर्चा की कमान उन्हीं हाथों में आयेगी जिनके पास ताकत है। जिनके पास टीम है और जो पार्टी प्रोटोकॉल को फोलो करते हैं। भाजपा युवा मोर्चा की दावेदार में उन चेहरों पर चर्चा जिनका नाम प्रमुखता से चल रहा है। यही सवाल भाजपा की राजनीति मे है कि कौन भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनेगा।

### भाजपा युवा मोर्चा के दो अध्यक्षों को मिला है मुख्य टीम में स्थान



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति का सबसे सशक्त प्लेटफार्म भाजपा युवा मोर्चा है। भाजपा की राजनीति का रास्ता इस प्लेटफार्म से होकर गुजरता है। कई ऐसे चेहरे हैं जिन्हें यहीं से मुकाम मिला है। मौजूदा सिनेरियो की बात करें तो भाजपा के युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा अब महानगर की टीम में उपाध्यक्ष हैं। इसी तरह भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रह चुके गौरव चौपड़ा भी अब भाजपा की महानगर टीम में महामंत्री हैं।

### सक्रियता और पृष्ठभूमि के दृष्टिकोण से मजबूत नाम है संदीप चौधरी



करंट क्राइम। भाजपा युवा मोर्चा के प्रबल अध्यक्ष दावेदार की बात करें तो यहां संदीप चौधरी का नाम आता है। संदीप चौधरी सचिन डेढ़ा की टीम में युवा मोर्चा के महामंत्री हैं। अध्यक्ष पद की दावेदारी का मजबूत नाम हैं। राजनीतिक रूप से प्रतिष्ठित पारिवारिक पृष्ठभूमि हैं। संघ परिवार से जुड़े हैं और सक्रियता के पैमाने पर अच्छा स्कोर लिए हुए हैं। बेहद व्यवहारिक हैं। राजनीतिक रूप से कर्मठ हैं। पार्टी प्रोटोकॉल के फ्रेम में फिट हैं। पार्टी निर्देशों के अनुरूप चलते हैं। सक्रियता की बात करें तो पूरी तरह एक्टिव हैं। मजबूत टीम उनके पास है और संबंधों का नेटवर्क है।

### युवा तेवरों के साथ मजबूत नेटवर्क की राजनीति का नाम है मोनू त्यागी

करंट क्राइम। मोनू त्यागी भाजपा के युवा नेता है। उनकी राजनीति का स्टाईल युवा राजनीति के तेवरों से मेल खाता है। यूथ राजनीति के मानकों को पूरा करते हैं। वो पूर्व युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष गौरव चौपड़ा की टीम में उपाध्यक्ष रहे हैं। मोनू त्यागी भाजपा की युवा राजनीति का ऊर्जावान चेहरा हैं और वो महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा की टीम में भी रहे हैं। पूरी तरह से सक्रिय रहते हैं। मजबूत नेटवर्क है और एक मजबूत टीम के साथ पार्टी के हर काम में मौजूद रहते हैं। प्रधानमंत्री की रैली में बसे लेकर गये। बताते हैं कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप के 5 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में वो दो बसें लेकर जाने वाले हैं। युवा राजनीति का मजबूत चेहरा हैं।



### सुर्खियों में है अध्यक्ष के लिए अक्षय चौधरी का नाम



करंट क्राइम। भाजपा की युवा राजनीति की बात करें तो यहां अक्षय चौधरी के नाम की भी गूंज सुनाई दे रही है। अक्षय चौधरी भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय त्यागी की टीम में महामंत्री रह चुके हैं। ये नाम सुर्खियों में हैं। अक्षय चौधरी वही नाम है जिन्होंने महरौली जैसे वार्ड में हाईराईज बिल्डिगों को वोटर लिस्ट से जुड़वाकर भाजपा को यहां इतनी मजबूती दी कि यहां कमल खिल गया। राजनीति की नब्ज जानते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि दिशा निर्देशों का पालन करते हैं। मजबूत नाम हैं और पोलिटिक्ली पूरी तरह एक्टिव हैं। कप्तान के रूप में मौका मिले तो बेहतर पारी खेल सकते हैं। ये नाम भी सुर्खियों में है।

### राहुल गिरी को मिलेगी क्या यूथ मोर्चा की कप्तानी



करंट क्राइम। राहुल गिरी भाजपा की युवा राजनीति का एक्टिव चेहरा हैं। पार्टी के आयामों में सहभागिता निभाते हैं। यूथ तेवरों के साथ राजनीति करने की क्षमता में हैं। महानगर अध्यक्ष गौरप चौपड़ा की टीम में महामंत्री रहे हैं। राजनीतिक रूप से एक्टिव हैं। यूथ मोर्चा की कप्तानी की बात करें तो ये चेहरा सभी मानकों पर फिट है और डिजर्व करता है। पार्टी कितना मौका देती है ये पार्टी के नेतृत्व को देखना है लेकिन दावेदारी का मजबूत चेहरा राहुल गिरी हैं।

### क्या क्षेत्र वाले यूथ पदाधिकारी भी हैं अध्यक्ष की दावेदारी में

करंट क्राइम। महानगर का अपना ही जलवा होता है और यहां कुछ प्रमुख चेहरे दावेदारी में हैं। कुछ चेहरे ऐसे भी हैं जो महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में हैं लेकिन वो अभी अपने पत्ते खोल नहीं रहे। खास बात ये है कि इन चेहरों में से कई चेहरे भाजपा युवा मोर्चा की क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी रहे हैं। क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी रहने पर क्या यूथ मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पद पर उनकी दावेदारी बनती है तो ये बताया जाता है कि नई हवा की नई भाजपा में दावेदारी बनती है। इस दावेदारी में भाजपा युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रॉबिन तोमर को क्या मौका मिले। रॉबिन तोमर लगातार दूसरी बार भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हैं। बताया जाता है कि वो महानगर की टीम में महामंत्री वाले फ्रेम में फिट होने के लिए जोर लगा रहे थे। अब क्या वो युवा मोर्चा की महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी में आते हैं। इसी तरह यहां अनुज कश्यप का भी नाम है। अनुज कश्यप भी भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं। अनुज कश्यप का नाम भी दावेदारी के लिए बताया जाता है। महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा की दावेदारी में सिद्धार्थ युगल के नाम पर भी चर्चा है। सिद्धार्थ युगल मिलनसार नेता हैं टीम साथ लेकर चलने की क्षमता है। उनके पास भी क्षेत्र वाली जिम्मेदारी है। यहां पर अन्य युवा नेताओं की बात करें तो विनीत चौधरी के नाम पर भी चर्चा है। दावेदारी नितिन शर्मा की भी मजबूत बताई जाती है और बताया जाता है कि आशुतोष शर्मा भी पूरे जोर लगा रहे हैं।

# स्थापना दिवस से लेकर अम्बेडकर जयंती पर भाजपा की जबरदस्त तैयारी

## समरसता का संदेश देकर करेगी कई कार्यक्रमों में जनभागीदारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अपने स्थापना दिवस को भव्य रूप में मनाने जा रही है। इसके साथ ही वो संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। भाजपा समरसता का संदेश देगी कई गोष्ठियों का आयोजन करेगी। महानगर संगठन यहां विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के माध्यम से समरसता और जनभागिता का एक बड़ा संदेश देने जा रहा है। संगठन का उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। जो भी कार्यक्रम शीर्ष संगठन नेतृत्व से प्राप्त होंगे, उनका पूरी तरह पालन करना है। अम्बेडकर जयंती को लेकर तैयारी हो रही है। बड़ी संख्या में कार्यक्रम होंगे। अलग अलग फार्मेट बनाये गये हैं। गौरतलब है कि भाजपा सदस्यता अभियान चला रही है। डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अम्बेडकर छात्रावास में कार्यक्रम का आयोजन होगा। एक बड़ी गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। पार्टी के स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### गांव से लेकर गलियों तक भाजपा देगी संदेश : मयंक गोयल



करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के स्थापना दिवस और अम्बेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल को इन्दिरापुरम में सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्थापना दिवस मनायेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का संयोजक महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी को बनाया गया है। इस कार्यक्रम की सहसंयोजक वाली कमान प्रीति चंद्रा राय और राजन आर्या बाल्मीकि को दी गई है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का भी सम्मान किया जायेगा। स्थापना दिवस की तैयारी चल रही हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा का इतिहास बताती प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। यह प्रदर्शनी पार्टी कार्यालय पर लगायी जायेगी। प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर कार्यकर्ता पुष्प अर्पित करेंगे। 6 और 7 अप्रैल को ग्राम बस्ती चलो अभियान चलाया जायेगा। गांव की चौपाल से लेकर गली तक भाजपा पहुंचेगी। इस कार्यक्रम में विधायक और सांसद भी शामिल होंगे। इसके अलावा डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पर 12 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान होगा।

# डीसीपी ट्रांस हिंडन की पोस्टिंग में देरी, क्या है असली वजह; किस नाम पर अटका फैसला?

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के बेहद अहम माने जाने वाले ट्रांस हिंडन जोन में 15 मार्च के बाद से स्थायी डीसीपी की तैनाती न होना कई सवाल खड़े कर रहा है। 14 मार्च को प्रदेश में बड़े स्तर पर हुए आईपीएस तबादलों में तत्कालीन डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल का तबादला गोरखपुर एसपी सिटी के पद पर कर दिया गया था। इसके बाद 27 आईपीएस अधिकारियों की एक और सूची 15 मार्च के बाद जारी हुई, लेकिन उसमें भी इस महत्वपूर्ण पद के लिए कोई नाम घोषित नहीं किया गया। ट्रांस हिंडन क्षेत्र गाजियाबाद का सबसे संवेदनशील और वीआईपी जोन माना जाता है। यहां हाई-राइज सोसाइटियां, मल्टीनेशनल कंपनियां, बड़े कारोबारी प्रतिष्ठान और तेजी से बढ़ती आबादी इसे सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण बनाती है। ऐसे में इस पद पर स्थायी अधिकारी की अनुपस्थिति प्रशासनिक दृष्टि से असामान्य मानी जा रही है।

**क्या किसी खास नाम का इंतजार? :** करंट क्राइम : सूत्रों की मानें तो इस पद के लिए कुछ नामों पर मंथन चल रहा है। यह भी चर्चा है कि किसी वरिष्ठ या फिट अधिकारी की तैनाती के लिए जानबूझकर फैसला रोका गया है। यानी जल्दबाजी में पोस्टिंग करने के बजाय प्रशासन एक ऐसे अधिकारी को लाना चाहता है जो इस जोन की जटिलताओं को बेहतर तरीके से संभाल सके। एक अन्य संभावना यह भी बताई जा रही है कि कुछ प्रशासनिक या अनुमोदन से जुड़ी प्रक्रिया में पेंच फंसा हुआ है। कई बार संवेदनशील पदों पर पोस्टिंग से पहले बैकग्राउंड, अनुभव और मौजूदा जरूरतों के हिसाब से गहन विचार किया जाता है, जिससे निर्णय में देरी हो जाती है। अभी ट्रांस हिंडन जोन की जिम्मेदारी अतिरिक्त रूप से डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के पास है। हालांकि, एक अधिकारी के पास दो-दो अहम जिम्मेदारियां होने से कार्यक्षमता पर असर पड़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

# गैस सिलेंडर के लिए मारामारी, पटेल नगर एजेंसी पर बिगड़े हालात

**गैस क्राइसिस**

"सुबह से ही एजेंसी के बाहर लंबी कतारें लग गई थीं, भीड़ का हंगामा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में रसोई गैस संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है।

बुधवार को पटेल नगर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे हालात बेकाबू हो गए और मौके पर हंगामा खड़ा हो गया। सुबह से ही एजेंसी के बाहर लंबी कतारें लग गई थीं। कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने कई दिन पहले गैस बुकिंग कराई थी और मैसेज भी प्राप्त हो चुका है, लेकिन जब वे सिलेंडर लेने पहुंचते हैं तो एजेंसी कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं देते। इससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में कमर्शियल काम करने वाले कई लोग घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से उपयोग कर रहे हैं। इस पर न तो पुलिस प्रशासन और न ही संबंधित विभाग कोई ठोस कार्रवाई कर रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को गैस की किल्लत झेलनी पड़ रही है। दोपहर होते-होते भीड़ और बढ़ गई और गुस्साए लोगों ने एजेंसी परिसर में हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस और गैस कंपनी के कर्मचारियों ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और लोगों को शांत कराया। कुल मिलाकर, शहर में लंबे समय से चल रहे गैस संकट का अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। व्यवस्थाओं की कमी और निगरानी के अभाव में आम जनता को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा।

# गाजियाबाद का 'ग्रीन लंग' संकट में, साई उपवन में 13 साल में 70 हजार पेड़ हुए नष्ट

## एनजीटी ने केंद्र-राज्य समेत 8 एजेंसियों को भेजा नोटिस

**नाराजगी**

"पूर्व पार्षद और बोर्ड सदस्य राजेंद्र त्यागी द्वारा दायर की गई है और लगाए गंभीर आरोप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के सबसे बड़े शहरी वन साई उपवन को लेकर एक गंभीर पर्यावरणीय मामला सामने आया है। लगातार कचरा डंपिंग, सीवेज जलभराव और गैर-वन गतिविधियों के चलते पिछले 13 वर्षों में यहां करीब 70,000 पेड़ों के नष्ट होने का दावा किया गया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार समेत कई संबंधित एजेंसियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। याचिका गाजियाबाद नगर निगम के पूर्व पार्षद और बोर्ड सदस्य राजेंद्र त्यागी द्वारा दायर की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि 2012 से साई उपवन को व्यवस्थित रूप से कचरा डंपिंग साइट में बदल दिया गया। मामले की सुनवाई करते हुए एनजीटी ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला प्रशासन, वन विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण और नगर निगम को नोटिस जारी कर 2 जुलाई से पहले जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने न्यायाधिकरण को बताया कि साई उपवन, जिसे मास्टर प्लान 2021 और 2031 में शहरी वन के रूप में संरक्षित किया गया है, वहां बड़े पैमाने पर ठोस कचरे की डंपिंग, जलाने की घटनाएं और सीवेज का अनियंत्रित प्रवाह जारी है। इससे वन क्षेत्र का लगभग आधा हिस्सा बर्बाद हो चुका है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि शहर से आने वाले नाले के अवरुद्ध होने के कारण सीवेज का पानी लंबे समय तक वन क्षेत्र में भरा रहता है, जिससे हजारों पेड़ सूख गए। यह नाला आगे जाकर हिंडन नदी में गिरता है, जिससे नदी का प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

### सैटेलाइट तस्वीरों में खुला कचरा जलाने का मामला

करंट क्राइम : अधिवक्ता के अनुसार, सैटेलाइट तस्वीरों में खुले में कचरा जलाने के प्रमाण भी सामने आए हैं। इसके अलावा, मिट्टी में कचरे के मिल जाने से भूमि प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है। याचिका में यह भी कहा गया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में यथास्थिति बनाए रखने और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनका पालन नहीं किया गया। बता दें कि करीब 200 एकड़ में फैला साई उपवन गाजियाबाद के लिए ग्रीन लंग की भूमिका निभाता है। अत्यधिक प्रदूषित शहर में यह वन क्षेत्र लाखों लोगों को स्वच्छ हवा और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान करता है। ऐसे में इसकी स्थिति को लेकर उठे सवाल न केवल प्रशासनिक लापरवाही बल्कि शहर के भविष्य के लिए भी गंभीर चेतावनी माने जा रहे हैं। एनजीटी ने याचिकाकर्ता को यह छूट भी दी है कि यदि साई उपवन से जुड़े अन्य मुद्दे सामने आते हैं, तो वह न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटा सकते हैं। अब इस मामले में अगली सुनवाई 2 जुलाई को प्रस्तावित है, जिससे पहले सभी संबंधित एजेंसियों को अपना पक्ष रखना है।

# यूपीपीसीएस में टॉप करने वाली नेहा पांचाल का है गाजियाबाद से कनेक्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली शाहदरा निवासी नेहा पांचाल ने उत्तर प्रदेश पीसीएस 2024 की परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया है। नेहा पांचाल का गाजियाबाद से भी कनेक्शन रहा है। उनका एक परिवार राज नगर एक्सटेंशन में रहता है। उनके चचेरे भाई सचिन शर्मा ने बताया कि नेहा पांचाल ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। उन्होंने शादी और परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए इतनी कठिन परीक्षा में टॉप किया है। सचिन शर्मा ने बताया कि नेहा पांचाल मूल रूप से दिल्ली के शहादरा इलाके की रहने वाली हैं। उनकी शुरूआती पढ़ाई दिल्ली के मोतीलाल मेमोरियल इंग्लिश स्कूल से हुई।



दिल्ली यूनिवर्सिटी से संबद्ध श्याम लाल कॉलेज से उन्होंने बीकॉम की डिग्री हासिल की। साल 2013 में बीकॉम पूरा करने के बाद वो सरकारी नौकरी की तैयारी में लग गईं। साल 2018 से वो सिविल सर्विस एग्जाम की तैयारी करने लगीं। साल 2023 में नेहा पांचाल वढरउ सिविल सर्विस परीक्षा के इंटरव्यू राउंड तक भी पहुंच गई थीं। हालांकि उस समय उनका चयन सिर्फ दो नंबर से रह गया। यह पल उनके लिए निराशाजनक जरूर था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सचिन शर्मा ने कहा कि सिविल सर्विसेज की तैयारी के दौरान नेहा शर्मा कई बार गाजियाबाद आई। साल 2023 से पहले ही नेहा की शादी हो गई। इसके कुछ समय बाद वह एक बच्ची की मां भी बनीं।

उन्होंने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपनी पढ़ाई भी जारी रखी। लगातार करीब 8 साल तक मेहनत करने के बाद आखिरकार नेहा पांचाल को उनकी मेहनत का फल मिल गया। उन्होंने यूपी पीसीएस 2024 परीक्षा में पहली रैंक हासिल की। उनका चयन डिप्टी कलेक्टर पद के लिए हुआ है।

# लखनऊ में क्यों बुलाए गए हैं सपा के जिला और महानगर अध्यक्ष

## क्या दावेदारों के नाम की होंगे शॉर्टलिस्ट और रिपोर्ट पर होगी चर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अखिलेश यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में अप्रैल के पहले सप्ताह में सभी जिला अध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों को लखनऊ तलब किया गया है। यह बैठक सिर्फ संगठनात्मक समीक्षा तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इसमें चुनावी रणनीति और संभावित प्रत्याशियों को लेकर भी अहम मंथन होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में जिलों से आने वाले पदाधिकारियों से उनके क्षेत्र में सक्रिय संभावित दावेदारों की जानकारी ली जाएगी। इसमें खास तौर पर यह देखा जाएगा कि कौन नेता अपने क्षेत्र में कितना सक्रिय है, उसकी जनसंपर्क क्षमता कैसी है और चुनाव जीतने की कितनी संभावना है। इन सभी पहलुओं पर तैयार होने वाली रिपोर्ट आगे चलकर टिकट वितरण की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभा सकती है। यानी यह बैठक एक तरह से दावेदारों की शुरूआती स्क्रीनिंग मानी जा रही है।





वहीं हाल ही में दादरी में हुई रैली के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। रैली में उमड़ी भीड़ और सोशल मीडिया पर बने माहौल ने पार्टी नेतृत्व को भी उत्साहित किया है। यही वजह है कि अब संगठन को और मजबूत करने और चुनावी जमीन को परखने के लिए यह बैठक बुलाई जा रही है। दादरी रैली के बाद से ही कई संभावित दावेदार अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गए हैं और पार्टी नेतृत्व तक अपनी दावेदारी पहुंचाने में जुटे हैं।

### कितनी सीट आएगी सपा के पास

करंट क्राइम : गाजियाबाद की बात करें तो यहां की पांच विधानसभा सीटों को लेकर भी सियासी हलचल तेज हो गई है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि समाजवादी पार्टी कितनी सीटों पर खुद चुनाव लड़ेगी और कितनी सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ी जाएंगी, लेकिन स्थानीय स्तर पर दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गाजियाबाद से कई प्रमुख नामों की चर्चा लखनऊ बैठक के दौरान हो सकती है। बताया जा रहा है कि कुछ जिलाध्यक्ष खुद भी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं और उन्होंने अपनी दावेदारी को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। इसके अलावा कई नए चेहरे भी चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। ऐसे में जिला और महानगर अध्यक्षों से मिलने वाली फीडबैक रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। कुल मिलाकर, लखनऊ में होने वाली यह बैठक समाजवादी पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस बैठक के बाद यह साफ होने लगेगा कि किन दावेदारों की स्थिति मजबूत है और किसे अभी और मेहनत करनी होगी। साथ ही, पार्टी की चुनावी रणनीति की दिशा भी काफी हद तक तय हो जाएगी, जिससे आने वाले समय में टिकट वितरण और संगठनात्मक फैसलों का आधार तैयार होगा।

## संपादकीय

# मंदिर भगदड़ पर सवाल

बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में मंगलवार (31 मार्च, 2026) को हुई प्रार्थना सभा के दौरान भगदड़ में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने मृतकों के परिवारों को 6 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। लेकिन बार-बार हो रहे हादसे देश भर की सरकार और प्रशासन के क्राउड मैनेजमेंट पर सवाल उठा रहे हैं। बिहार के नालंदा में शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ की अब तक कोई नई वजह सामने नहीं आई है। ज्यादा भीड़, तंग जगह, अफवाह और फिर अफरातफरी। विपदा की यही स्क्रिप्ट देश में बार-बार दिखती रही है। 31 मार्च 2026 को मची इस भगदड़ में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। जिनमें अधिकांश महिला थीं। इंतजाम पर्याप्त नहीं थे प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महावीर जयंती और मंगलवार का दिन होने के कारण भीड़ ज्यादा थी, जबकि उसको संभालने के इंतजाम नाकाफी। बताया जा रहा है कि एक जगह बैरिकेड टूटा, जिससे लोग संभल नहीं पाए। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रबंधन और पुलिस पर आरोप लगाए हैं कि भीड़ को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी। बार-बार होते हादसे वक्त और जगह बदल दीजिए, तो ऐसे हालात बार-बार बन रहे हैं। पिछले साल नवंबर में आंध्र के श्रीकाकुलम जिले के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी। वहां भी हादसा बैरिकेड टूटने से हुआ। उसके पहले जुलाई में हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में अफवाह ने कई लोगों की जान ले ली और जनवरी में तिरुपति मंदिर में हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचने की वजह से हालात बिगड़ गए थे। भारी पड़ती गलती केवल धार्मिक स्थल या आयोजन ही नहीं, राजनीतिक रैलियां भी जानलेवा साबित हुई हैं, जैसे पिछले साल सितंबर में अभिनेता से नेता बने विजय की रैली, जिसमें भीड़ अनियंत्रित होने की वजह से 39 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका भी डाली गई थी कि राजनीतिक रैलियों और सभाओं में भीड़ प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। अदालत ने इसे सरकार की जिम्मेदारी बताया था। क्राउड मैनेजमेंट सार्वजनिक जगहों पर भीड़ के सैलाब को संभालना हमेशा से चुनौती रहा है। जब अनुमान से ज्यादा लोग एक जगह जुट जाते हैं, तो एक छोटी-सी गलती भी भारी पड़ सकती है। नेशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो का डेटा बताता है कि पिछले तीन दशक में लगभग 4000 भगदड़ हुई हैं। 2000 से 2022 के दौरान विभिन्न भगदड़ों में 3074 लोगों की मौत हुई। आज भी अगर यह संख्या बढ़ रही है, तो इसकी वजह है कि पुराने हादसों से कभी सबक नहीं सीखा गया। क्राउड मैनेजमेंट किसी भी आयोजन या उत्सव का सबसे जरूरी हिस्सा है, लेकिन आमतौर पर इसकी बात दुर्घटना के बाद ही की जाती है। सख्ती जरूरी बिहार में मरने वाली सभी 9 महिलाएं हैं। कई की हालत गंभीर है, तो आंकड़ा बदल भी सकता है। इस तरह के हादसों के पीड़ितों में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा होती है, क्योंकि वे अपना बचाव नहीं कर पाते।

# कच्चा तेल 100 डॉलर पार, फिर भी देश में कीमतें स्थिर

## सरकार का दावा-पर्याप्त भंडार और आपूर्ति से उपभोक्ताओं को राहत

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि है कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है, और देश ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल-पुथल के बीच भारतीय उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत ने अपनी ईंधन और कृषि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह सुरक्षित रखा है।



### कृषि क्षेत्र पर प्रभाव और खरीफ सीजन की तैयारियां

ईंधन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला भी स्थिर बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने आगामी खरीफ सीजन के लिए आवश्यक इनपुट सामग्री की व्यापक समीक्षा की है। कृषि और किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने प्रमुख कृषि संकेतकों पर स्थिति स्पष्ट की है:

**थोक मूल्य नियंत्रण में:** सभी कृषि जिंसों की थोक कीमतों की लगातार निगरानी की जा रही है। ये कीमतें पिछले कुछ वर्षों की तरह ही सामान्य दायरे में हैं।

**सब्जियों के दाम:** शीर्ष फसलों जैसे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें भी निर्धारित दायरे में हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार की प्रवृत्ति दिख रही है।

**बीज की उपलब्धता:** राज्यों के साथ समन्वय के माध्यम से यह पुष्टि की गई है कि खरीफ सीजन के लिए बीजों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। इस सीजन के लिए कुल 166.46 लाख क्विंटल बीज की आवश्यकता का अनुमान है, और सभी प्रमुख फसलों के लिए बीज का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

### ईंधन बाजार: अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता और घरेलू राहत

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। लगभग दो महीने पहले 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करने वाला ब्रेंट क्रूड अब 100 डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है। हालांकि, इस तेज उछाल के बावजूद भारत में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

सरकार ने अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों की अस्थिरता से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के लिए उत्पाद शुल्क को कम किया है, ताकि मूल्य वृद्धि का कोई भी भार सीधे जनता पर न पड़े। सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में देश की रिफाइनरियां अपनी चरम क्षमता पर काम कर रही हैं।

### अंतर-मंत्रालयी समन्वय से दूर हुई बाधाएं

इस व्यापक आपूर्ति प्रबंधन में मंत्रालयों के बीच का समन्वय अहम साबित हो रहा है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, पिछले महीने हाइब्रिड मक्का के बीजों को सुखाने के लिए एलपीजी की आवश्यकता एक छोटी बाधा के रूप में सामने आई थी। हालांकि, पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ त्वरित समन्वय कर एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध कराई गई। मनिंदर कौर द्विवेदी ने इस पूरी स्थिति पर संतोष जताते हुए कहा, हम खुद को एक आरामदायक स्थिति में पाते हैं।

# एटीएफ कीमतों में सीमित बढ़ोतरी, एयरलाइंस को राहत

## सरकार के फैसले से लागत दबाव कम, हवाई किराए स्थिर रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से एटीएफ की कीमतों में केवल सीमित और चरणबद्ध बढ़ोतरी के फैसले का एयरलाइंस ने स्वागत किया है, क्योंकि इससे लागत पर दबाव कम होगा और हवाई किराए स्थिर रहेंगे। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (अळऋ) यानी जहाजों के ईंधन की कीमतों में केवल आंशिक बढ़ोतरी की अनुमति देने के सरकार के फैसले का विमानन कंपनियों ने स्वागत किया है। एयरलाइंस का कहना है कि इस कदम से हवाई किराए में स्थिरता बनी रहेगी और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच यात्रियों और कंपनियों दोनों को राहत मिलेगी। इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने एक बयान में प्रधानमंत्री, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला एयरलाइंस के लिए स्थिरता सुनिश्चित करेगा और यात्रियों को सस्ती व सुलभ यात्रा का लाभ देने में मदद करेगा।



### एयरलाइंस पर लागत का कम दबाव होगा

स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने भी इसे विमानन उद्योग के लिए बड़ी राहत बताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में एटीएफ कीमतों में नियंत्रित बढ़ोतरी एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे एयरलाइंस पर लागत का दबाव कम होगा।

### सरकार ने क्या बताया?

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने भी इस फैसले को समयानुकूल बताते हुए कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण अळऋ कीमतों में 100% से अधिक वृद्धि की आशंका थी। ऐसे में पेट्रोलियम मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समन्वय से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने घरेलू उड़ानों के लिए केवल 25% (करीब 15 रुपये प्रति लीटर) की चरणबद्ध बढ़ोतरी लागू की है।

# जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ पार, राजस्व में मजबूत बढ़त

**नई दिल्ली।** मार्च 2026 में जीएसटी कलेक्शन दो लाख करोड़ रुपये पार कर 8.8% बढ़ा, जो मजबूत आर्थिक गतिविधि और बेहतर अनुपालन का संकेत है। आयात से जुड़े टैक्स में तेज वृद्धि हुई, जबकि घरेलू मांग स्थिर रही, जिससे पूरे वित्त वर्ष 2026 में भी राजस्व में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की गई देश में जीएसटी संग्रह में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। वित्त मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में सकल जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 2,00,064 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च 2025 के 1,83,845 करोड़ रुपये के मुकाबले 8.8% अधिक है।



आयात में हुई वृद्धि से आईसीएसटी संग्रह बढ़ा आयात में भारी वृद्धि के चलते मार्च में आईजीएसटी संग्रह बढ़कर 1.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। सीजीएसटी और एसजीएसटी संग्रह में भी मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जो केंद्र और राज्य कर घटकों में संतुलित वृद्धि को दर्शाती है।

जीएसटी रिफंड में हुई 13.8% की वृद्धि मार्च में कुल जीएसटी रिफंड में सालाना आधार पर 13.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 22,074 करोड़ रुपये हो गया।

### जीएसटी संग्रह बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये पहुंचा

2025-26 में कुल जीएसटी संग्रह 22.27 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 20.55 लाख करोड़ रुपये से 8.3% ज्यादा है। यह आंकड़े टैक्स कलेक्शन में लगातार बने हुए मजबूत रुझान को दर्शाते हैं। मार्च में दो लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करना साल के अंत में बेहतर अनुपालन और आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत माना जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू जीएसटी राजस्व मार्च में 5.9% बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो देश के भीतर स्थिर खपत को दशार्ता है। वहीं, आयात से जुड़े जीएसटी कलेक्शन में 17.8% की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो बढ़ती आयात गतिविधियों और बेहतर कस्टम्स कलेक्शन की ओर इशारा करती है।

# शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल, सेंसेक्स 1186 अंक चढ़ा

## निफ्टी 22,679 के पार, वैश्विक संकेतों से बाजार को मिला सहारा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1186.77 अंक उछलकर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 348.00 अंक की बढ़त के साथ 22,679.40 पर बंद हुआ।

घरेलू बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1186.77 अंक या 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 348.00 अंक या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 22,679.40 पर बंद हुआ।

### अमेरिका-ईरान तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों में उत्साह



बाजार में उछाल का कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी कहा कि तेहरान इस संकट को खत्म करने की जरूरी इच्छाशक्ति रखता है। इन बयानों के बाद एशियाई और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल बना।

इस सकारात्मक संकेत का असर भारतीय बाजार पर भी देखने को मिला, जहां शुरूआती कारोबार में खरीदारी हावी रही। हालांकि, डॉलर पर दबाव बना हुआ है और अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड में तेजी जारी है, जो निवेशकों की सतर्कता को भी दशार्ता है।

# रोचक तथ्यों का करंट

- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमा जाते हैं वे अधिक दयालु और विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।

# सोने के बढ़ते दाम से गोल्ड लोन की मांग में हुई तेज बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** रिटेल ओरिजिनेशन में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी वॉल्यूम के आधार पर 36% और वैल्यू के आधार पर 39% तक पहुंच गई है, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और मांग को दशार्ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तेजी के पीछे एक अहम वजह सोने की कीमतों में तेज उछाल है। मार्च 2023 के बाद से सोने की वैल्यू लगभग दोगुनी हो चुकी है, जिससे लोन लेने वालों को ज्यादा फंडिंग मिल रही है और लेंडर्स के लिए भी यह सेगमेंट आकर्षक बना हुआ है।

### जेटब्ल्यू ने बढ़ाया लगेज चार्ज

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और बढ़ती ईंधन कीमतों का असर अब एविएशन सेक्टर पर साफ दिखने लगा है। अमेरिकी एयरलाइन जेटब्ल्यू एयरवेज ने अपने चेक्ड बैग शुल्क में 9 डॉलर तक की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं। अब अधिकांश घरेलू इकोनॉमी यात्रियों के लिए पहला चेक्ड बैग 35 डॉलर से बढ़कर 39 डॉलर हो गया है। वहीं पीक ट्रैवल सीजन जैसे अप्रैल स्प्रिंग ब्रेक, बड़े त्योहार और गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यह शुल्क 40 डॉलर से बढ़ाकर 49 डॉलर कर दिया गया है। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थित अपने प्रमुख टर्मिनल से संचालन करने वाली एयरलाइन ने कहा कि वैकल्पिक सेवाओं पर शुल्क बढ़ाकर वह बेस एयरफेयर को प्रतिस्पर्धी बनाए रखना चाहती है। कंपनी के मुताबिक कि हम समझते हैं कि शुल्क बढ़ाना आदर्श नहीं है।

# 02 04 2026 करंट क्राइम

## सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



अजय देवगन (अभिनेता)



दृष्टि कश्यप | अवी जीनवाल | नैना रावत | अंजलि प्रताप सिंह | खुशी परवीन



शिव शाधिका | गौरव त्यागी (वरिष्ठ पत्रकार) | अमरीश शर्मा | सुभाष चन्द्र शर्मा | राजीव तलान | महकार कसाना



सार्थक वर्मा | गजेन्द्र भाटी | अरुण कुमार | आयुष बंसल | अभय तोमर | भूरा खान



निखिल त्यागी | जान मोहम्मद | अनिल सागर | सुरेन्द्र रघुवंशी | अंकुश त्यागी | विशू पराशर | आकाश राघव



बलराम | कपिल कुमार | पंकज कुमार शरन | प्राइल रवि | प्रमोद सिंह | प्रमोद त्यागी | रूपलाल बेदिया

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

# चुटकुले

पिता- बेटी तुम पहले मुझे पापा कहती थी..
और अब डैड कहती हो ऐसा क्यों..
बेटी- ओह डैड, आप भी न..
पापा कहने से लिपस्टिक खराब हो जाती है..
पिता बेहोश!

डॉक्टर : आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
पिंटू : पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर : अरे, तो खाने से इनकार कर देते।
पिंटू : डॉक्टर साहब, वही तो किया था।

पति- ये क्या, तुम एक और सूट ले आई ? अभी परसों ही तो
पत्नी (गुस्से में)- क्या कहा? क्या, परसों क्या? बोलो?
पति- नहीं, परसों भी एक ही लाई थी,
आज दो लेकर आना था।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
टोलू - यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं.
बैंक मैनेजर- ऐसा अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
टोलू- जलेबी बाई!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# IPL से आधी रकम में PSL में खेल रहे एडम जैम्पा से बुलवाया



**कराची।** एडम जैम्पा के आईपीएल को लेकर दिए गए बयान ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। जहां उन्होंने कहा कि उनकी स्किल के मुताबिक आईपीएल में पैसे नहीं मिलते, वहीं आंकड़े बताते हैं कि उन्हें पहले ज्यादा सैलरी मिल चुकी है। इस बीच पाकिस्तान सुपर लीग में उनका खेलना और इस तरह के बयान आना कई सवाल खड़े कर रहा है। फैंस इसे पीएसएल के प्रमोशन से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि जैम्पा खुद भी अपने बयान के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं।

आईपीएल की कामयाबी से जल रहे पाकिस्तान अब बेशर्मी की हद पार करने पर उतर आया है। जलन के मारे पाकिस्तान अब अपनी लीग के प्रमोशन के लिए नए हथकंडे अपना रहा है। इसी प्रोपेगेंडा के तहत पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जैम्पा से बेतुका बयान दिलवाया है। जैम्पा ने एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा है कि भारत में प्रतिभा के मुताबिक पैसे नहीं मिलते हैं। दरअसल, पीएसएल आजकल गलत कारणों से सुर्खियों में है। पहले विदेशी खिलाड़ियों ने निजी कारणों से लीग में खेलने से मना कर दिया। फिर कुछ विदेशी खिलाड़ी जो वहां पहुंचे थे, उन्होंने बीच में ही टूनामेंट छोड़ दिया और आईपीएल से जुड़ गए। फिर कमेंटेटर निक नाइट भी आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद पीएसएल से किनारा कर लिया। साथ ही पीएसएल में बॉल टेम्परिंग समेत कई विवाद सामने आए।

इस साल पीएसएल बंद दरवाजों के पीछे खेला जा रहा है। ऐसे में लीग को फायदे से ज्यादा नुकसान हो रहा है। तमाम विवादों के बाद पाकिस्तान ने अपनी लीग को बढ़ावा देने के लिए प्रोपेगेंडा अपनाया और आईपीएल को नीचा दिखाने की कोशिश की। हालांकि, वह अब इसमें भी कामयाब नहीं हो पाए हैं।

**एडम जैम्पा का आईपीएल में प्रदर्शन .........**

| साल | मैच | विकेट | सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन | इकोनॉमी |
|---|---|---|---|---|
| कुल | 22 | 31 | 6/19 | 8.38 |
| 2025 | 2 | 2 | 1/46 | 11.75 |
| 2023 | 6 | 8 | 3/22 | 8.55 |
| 2020 | 3 | 2 | 1/12 | 8.36 |
| 2017 | 6 | 7 | 2/22 | 8.21 |
| 2016 | 5 | 12 | 6/19 | 6.76 |

**अपने बयानों से विवादों में आए जैम्पा:** एडम जैम्पा ने जो बयान दिया है, उससे वह खुद ही विवादों में आ गए हैं। जैम्पा ने पाकिस्तानी न्यूज चैनल एआरवाई के पॉडकास्ट में कहा, 'मैंने इस साल आईपीएल से नाम वापस ले लिया। सच कहूं तो मेरी स्किल सेट वाले खिलाड़ी को वहां उतनी रकम नहीं मिलती, जितनी कुछ अन्य तरह के खिलाड़ियों को मिलती है। और आईपीएल जितना समय लेता है, उसे देखते हुए मेरे लिए इसे खेलना कोई समझदारी भरा फैसला नहीं लगा।' जैम्पा इस बयान के बाद फंस गए हैं।

**वॉर्नर-कॉनवे जैसे शीर्ष खिलाड़ी क्वछछ को याद कर रहे**

पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा रिलीज किए जाने के बाद जैम्पा ने आईपीएल के रजिस्टर नहीं करवाया। उन्होंने पीएसएल के लिए अपना नाम दिया था। उन्हें कराची किंग्स ने उनके बेस प्राइस 4.5 करोड़ पाकिस्तानी रुपये में साइन किया था। 4.5 करोड़ पाकिस्तानी रुपये यानी 1.51 करोड़ भारतीय रुपये।

कराची किंग्स के कप्तान डेविड वॉर्नर हैं, जिन्हें लगातार आईपीएल की याद आ रही है और वह पीएसएल में होते हुए इंस्टाग्राम पर सनराइजर्स हैदराबाद और आईपीएल को लेकर पोस्ट भी कर रहे हैं।

**आईपीएल 2025 में जैम्पा को मिले थे 2.4 करोड़ रुपये**

जैम्पा इसलिए फंस गए क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद में उनकी सैलरी 2.4 करोड़ भारतीय रुपये थी, जो कि पीएसएल में उन्हें मिल रही सैलरी से लगभग दोगुना है।

इसके बावजूद उन्हें लग रहा है कि आईपीएल में उनके स्किल की कद्र नहीं हुई। ये 2.4 करोड़ रुपये उन्हें बेंच पर बैठने के मिले थे। वह आईपीएल 2025 में सिर्फ दो मैच खेल पाए थे और दो विकेट लिए थे।

# अर्जेंटीना में मुकाबले के बाद क्यों रोए लियोनल मेसी? फैंस भी हुए भावुक; जीत से ली विदाई

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनल मेसी का अर्जेंटीना में संभावित आखिरी मैच बेहद भावुक रहा। वह आंसू नहीं रोक सके। हालांकि मैदान पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को 5-0 की जीत दिलाई। वर्ल्ड कप से पहले यह मुकाबला अर्जेंटीना का आत्मविश्वास बढ़ा सकता है। अर्जेंटीना डिफेंडिंग चैंपियन है।

दुनिया के महान फुटबॉलरों में शुमार लियोनल मेसी ने फैंस की आंखें नम कर दीं। अर्जेंटीना में खेले गए अपने संभावित आखिरी घरेलू मैच के दौरान मेसी भावुक होकर रो पड़े। ब्यूनस आयर्स के ला बॉम्बोनेरा स्टेडियम में मैच से पहले फैंस के प्यार और नारों ने मेसी को भावुक कर दिया। वायरल वीडियो में वह अपनी आंखों से आंसू पोंछते नजर आए।

**फैंस का प्यार, खड़े होकर किया सम्मान**

स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों ने अपने कप्तान के लिए खास माहौल बनाया। हर तरफ मेसी के नाम के नारे गूंज रहे थे। फैंस ने खड़े होकर उनका स्वागत किया और उन्हें एक और वर्ल्ड कप जिताने की अपील की। यह पल किसी विदाई समारोह से कम नहीं था।





**मैदान पर भी दिखाया जलवा**

भावनाओं के बीच भी मेसी ने अपने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं आने दी। अर्जेंटीना ने जाम्बिया टीम को 5-0 से हराया। मेसी ने मैच के चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज के लिए गोल असिस्ट किया और फिर 43वें मिनट में खुद भी गोल दागा। इसके अलावा वेलेनटीन बार्को और निकोलस ओटामेंडी ने भी गोल किए।

मैच से पहले अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने टीम को लेकर सख्त रुख अपनाया था। उन्होंने साफ कहा था, 'हमने 55 खिलाड़ियों की सूची दे दी है, लेकिन अंतिम 26 में जगह बनाने के लिए प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को बाहर करना होगा।'



# श्रेयस अय्यर पर चला BCCI का चाबुक! ऐसी क्या गलती की कि बोर्ड को देनी पड़ी सजा



**बीसीसीआई ने नियमों में ढिलाई की थी**

बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले नियमों में ढिलाई दी थी। स्लो ओवर रेट पर कप्तानों को बैन करने के नियम को हटा दिया गया था। और अब सिर्फ जुर्माने से काम चलाया जाएगा। तब बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि धीमी ओवर गति के लिए कप्तानों को डिमेरिट अंक दिए जाएंगे और जुर्माना लगाया जाएगा। प्रतिबंध केवल गंभीर मामलों में ही लगाया जाएगा।

**न्यू चंडीगढ़।** पंजाब की जीत के बावजूद कप्तान श्रेयस अय्यर को स्लो ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना झेलना पड़ा। यह आईपीएल 2026 में इस तरह की पहली कार्रवाई है। पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हरा दिया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल 2026 में पहली बार सख्त कदम उठाते हुए श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया है। भले ही पंजाब किंग्स की टीम ने मंगलवार को अपना मैच जीत लिया हो, लेकिन पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस को स्लो ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ा।

यह घटना आईपीएल के चौथे मुकाबले में हुई, जहां पंजाब किंग्स का सामना गुजरात टाइटंस से हुआ। मैच के दौरान पंजाब टीम तय समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई, जो आईपीएल के नियमों का उल्लंघन है। आईपीएल के आधिकारिक बयान में कहा गया, 'यह इस सीजन में टीम की पहली गलती थी, इसलिए कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।'

**स्लो ओवर रेट क्यों बना बड़ी समस्या:** आईपीएल में हर टीम को तय समय में अपने ओवर पूरे करने होते हैं। ऐसा न करने पर कप्तान पर जुर्माना लगता है। पहली गलती पर कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना है। बार-बार गलती पर सजा और कड़ी हो जाती है। इस मामले में अय्यर की यह पहली गलती थी, इसलिए सिर्फ आर्थिक दंड दिया गया। धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध होने पर पंजाब कप्तान के साथ-साथ पूरी टीम को सजा दी जाएगी। कप्तान पर लगा जुर्माना दोगुना हो जाएगा, जबकि बाकी टीम और सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों पर छह लाख रुपए या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा।

**मैच में पंजाब की शानदार जीत**

मैच की बात करें तो पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की। गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 162/6 का स्कोर बनाया। साई सुदर्शन (13) के जल्दी आउट होने के बाद

शुभमन गिल (39) और जोस बटलर (38) ने पारी संभाली, लेकिन पंजाब के गेंदबाजों ने आखिर में वापसी की। ग्लेन फिलिप्स 25 रन, सुंदर 18 रन, शाहरुख चार रन बना सके। तेवतिया 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

**कूपर कोनोली का धमाकेदार डेब्यू**

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरूआत खराब रही, लेकिन डेब्यू कर रहे कूपर कोनोली ने शानदार पारी खेली। उन्होंने 44 गेंदों में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब की टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पंजाब की टीम ने पांच गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। उनके साथ प्रभसिमरन सिंह (37) ने भी अहम योगदान दिया। पंजाब किंग्स अब अपना अगला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेलेगी।

पंजाब कि ओर से विजयकुमार विशाक ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि युजवेंद्र चहल को दो विकेट मिले।

# इटली का फीफा वर्ल्ड कप का सपना फिर टूटा

**लगातार तीसरी बार नहीं कर पाए क्वालिफाई, पेनल्टी शूटआउट में मिली हार**




**मिलान।** इटली का लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप से बाहर होना फुटबॉल जगत के लिए बड़ा झटका है, जबकि बोस्निया ने इतिहास रचते हुए शानदार वापसी की। दूसरी ओर, चेकिया ने रोमांचक मुकाबले में डेनमार्क को हराकर अपनी जगह पक्की की। पेनल्टी शूटआउट ने दोनों मैचों का फैसला किया, जहां दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों ने जीत हासिल की।

चार बार की फीफा विश्व कप चैंपियन इटली की टीम को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। टीम लगातार तीसरी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही। 2026 वर्ल्ड कप के यूरोपीय प्लेऑफ में इटली को बोस्निया और हजेगोवीना की टीम के हाथों पेनल्टी शूटआउट में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।

फुटबॉल की वैश्विक संस्था ने इस्राइल पर क्यों लगाया जुर्माना? मैक्सिको में नहीं होंगे ईरान के विश्वकप मैच

यह मुकाबला तय समय और एक्स्ट्रा टाइम के बाद 1-1 से बराबरी पर था, लेकिन पेनल्टी में इटली पूरी तरह दबाव में बिखर गया। इस हार के साथ ही इटली ने इतिहास में पहली बार लगातार तीन वर्ल्ड कप फाइनल्स से बाहर रहने का शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। मैच की शुरूआत इटली के लिए शानदार रही। 15वें मिनट में मोइजे कीन ने बॉक्स के बाहर से शानदार फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई। डिफेंडर एलेसांद्रो बास्तोनी को प्रोफेशनल फाउल के चलते रेड कार्ड दिखाया गया।

# ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका के खिलाड़ियों को मिला केंद्रीय अनुबंध



**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका, दोनों ने अपने-अपने खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिए हैं, लेकिन दोनों का मॉडल अलग है। ऑस्ट्रेलिया में 23 खिलाड़ियों को कॉन्ट्रैक्ट मिला है, वहीं दक्षिण अफ्रीका में फुल और हाइब्रिड कॉन्ट्रैक्ट का सिस्टम अपनाया गया है, जिसमें खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच संतुलन बना सकते हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए/उअ) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए/उरअ) ने सत्र 2026-27 के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट यानी केंद्रीय अनुबंध जारी कर दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने चौंकाते हुए जेक वेदराल्ड को कॉन्ट्रैक्ट में जगह दी है, जबकि तेज गेंदबाज झे रिचर्डसन और ग्लेन मैक्सवेल को बाहर कर दिया है। वहीं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने दो तरह के कॉन्ट्रैक्ट तैयार किए हैं। इनमें फुल कॉन्ट्रैक्ट और हाईब्रिड कॉन्ट्रैक्ट शामिल हैं। जिन बड़े खिलाड़ियों को इन दोनों में जगह नहीं मिली, उनमें डेविड मिलर, कभी टीम के उपकप्तान रहे रसी वान डर डुसेन, ओपनर रीजा हेंड्रिक्स और तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

पहले जान लीजिए क्या है फुल और हाईब्रिड कॉन्ट्रैक्ट में अंतर?

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका में फुल कॉन्ट्रैक्ट (नेशनल कॉन्ट्रैक्ट) के तहत खिलाड़ियों को सभी फॉर्मेट और राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारियों के लिए उपलब्ध रहना होता है। इसके बदले उन्हें फिक्स सैलरी मिलता है, क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका को प्राथमिकता देते हैं। वहीं, हाइब्रिड कॉन्ट्रैक्ट अनुभवी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और फ्रेंचाइज लीग (जैसे ळ20 लीग) के बीच संतुलन बनाने की छूट देता है। इसमें खिलाड़ी केवल कुछ द्विपक्षीय सीरीज और आईसीसी टूनामेंट के लिए राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध रहने का वादा करते हैं, जिससे वे बाकी समय में लीग क्रिकेट खेलकर ज्यादा कमाई कर सकते हैं।

मैक्सवेल और रिचर्डसन के अलावा सैम कोंस्टास और मैट शॉर्ट को कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है। एशेज में शानदार प्रदर्शन का इनाम माइकल नेसर को दिया गया है। उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया गया है। नेसर के साथ ही ब्रेंडन डॉगेट और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को भी जगह दी गई है।

**रिचर्डसन साल के अंत में खेलते दिख सकते हैं**

रिचर्डसन को बाहर करना खास तौर पर दिलचस्प है क्योंकि उन्होंने कंधे की सर्जरी के लंबे रिहैब के बाद टेस्ट टीम में वापसी की और मेलबर्न में इंग्लैंड के खिलाफ खेले। हालांकि, रिचर्डसन के साल के आखिर में खेलने की पूरी संभावना है। रिचर्डसन के वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया टीम के साथी मॉरिस का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया है। पिछले साल के बीच में वेस्टइंडीज दौरे के बाद टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद कोंस्टास के कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाया गया है। मैट रेनशॉ को भी जगह नहीं मिली है।

# जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी टीम इंडिया, क्या वैभव सूर्यवंशी करेंगे डेब्यू

**मुंबई।** भारत जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगा, जिसकी शुरूआत 23 जुलाई से हरारे में होगी। यह सीरीज टीम इंडिया के लिए युवा खिलाड़ियों को मौका देने और भविष्य की तैयारी के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया के ज़िम्बाब्वे दौरे का एलान कर दिया है। भारतीय टीम जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के एलान के बाद फैंस यह जानने को लेकर उत्साहित हैं कि क्या यह सीरीज युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के लिए भारतीय टीम में डेब्यू करने की सीरीज हो सकती है?

सीरीज के सभी मुकाबले हरारे में खेले जाएंगे। पहला टी20 23 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेला जाएगा। 25 जुलाई और 26 जुलाई को बाकी दो मैच भी इसी मैदान पर होंगे। यानी टीम इंडिया लगातार दो टी20 खेलेगी।

**क्या है इस सीरीज की अहमियत:** टीम इंडिया आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे दौरे पर गई थी, जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली गई थी। यह सीरीज युवा खिलाड़ियों के लिए मौका बन सकती है। टी20 वर्ल्ड कप 2028 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों को देखते हुए टीम कॉम्बिनेशन पर काम होगा। साथ ही बेंच स्ट्रेंथ को परखने का अच्छा मौका मिलेगा।

**वैभव सूर्यवंशी को मिलेगा मौका:** ऐसे में आईपीएल और जूनियर क्रिकेट में तहलका मचाने वाले वैभव सूर्यवंशी को भी मौका मिल सकता है। सूर्यवंशी पिछले महीने 15 साल के हो गए और अब आईसीसी के नियमों के अनुसार सीनियर भारतीय टीम के लिए खेलने के पात्र हो गए हैं। उन्होंने आईपीएल में अच्छे अच्छे गेंदबाजों की धुलाई की है। ऐसे में बीसीसीआई उन्हें शामिल कर सकती है।

आईपीएल के बाद अफगानिस्तान से सीरीज





आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद सबसे पहले टीम इंडिया अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। अफगानिस्तान की टीम भारत के दौरे पर आएगी। एकमात्र टेस्ट छह जून से न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे 14 जून को धर्मशाला में, दूसरा वनडे 17 जून को लखनऊ में और तीसरा वनडे 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। अफगानिस्तान से सीरीज के बाद भारतीय टीम जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड का दौरा करेगी। आयरलैंड में टीम इंडिया दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

इसका पहला मुकाबला 26 जून को और दूसरा मुकाबला 28 जून को खेला जाएगा। दोनों मुकाबले बेलफास्ट में ही खेले जाएंगे। इसके बाद टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी। वहां टीम पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला टी20 एक जुलाई को चेस्टर ली स्ट्रीट में, दूसरा टी20 चार जुलाई को मैनेचेस्टर में और तीसरा टी20 सात जुलाई को नॉटिंघम में खेला जाएगा।

**फिर जिम्बाब्वे से टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम**

फिर भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे मैचों की सीरीज की शुरूआत होगी। पहला वनडे 14 जुलाई को बर्मिंघम में, दूसरा वनडे 16 जुलाई को कार्डिफ में और तीसरा वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इसी बीच टी20 टीम जिम्बाब्वे पहुंच जाएगी और फिर इंग्लैंड से वनडे सीरीज खत्म होने के बाद टीम जिम्बाब्वे से टी20 सीरीज खेलेगी।

# चेकिया के बाद स्वीडन-तुर्किये की भी फीफा विश्व कप में एंट्री, रोमांचक मुकाबलों में दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** चेकिया, स्वीडन और तुर्किये ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया। तुर्किये ने 24 साल बाद, जबकि चेकिया ने 20 साल बाद वापसी की, वहीं स्वीडन ने पोलैंड को हराकर बदला लिया।

**24 साल बाद तुर्किये की वापसी**

तुर्किये ने कोसोवो टीम को कड़े मुकाबले में हराकर 24 साल बाद वर्ल्ड कप में वापसी की। मैच का इकलौता गोल करीम अक्तुरकोग्लू ने किया। साथ ही मैच में केनान यिलदिज और ओर्कुन कोकू ने भी अहम भूमिका निभाई। तुर्किये अब ग्रुप डी में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और पराग्वे के साथ खेलेगा।






**स्वीडन ने पोलैंड से लिया बदला**

स्वीडन ने रोमांचक मुकाबले में पोलैंड को हराकर क्वालिफाई किया। एंथनी एलांगा और विक्टर ग्लोकेरेस ने अहम गोल किए। मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम तक गया और अंत में स्वीडन ने बाजी मारी। स्वीडन अब ग्रुप एफ में नीदरलैंड, जापान और ट्यूनीशिया के साथ होगा।

**20 साल बाद चेकिया की वापसी**

चेकिया ने डेनमार्क को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 20 साल बाद वर्ल्ड कप में जगह बनाई। निर्णायक पेनल्टी माइकल सैदलिक ने गोल में बदली। डेनमार्क के लिए सिर्फ क्रिश्चियन एरिक्सन ही पेनल्टी में सफल रहे। चेकिया अब ग्रुप ए में मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और दक्षिण कोरिया के साथ खेलेगा।

**रोमांच से भरे मुकाबले**

तीनों मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कहीं पेनल्टी शूटआउट का ड्रामा हुआ तो कहीं आखिरी मिनट में गोल दागा गया। और कहीं 20-24 साल बाद ऐतिहासिक वापसी हुई है। कुल मिलाकर फीफा विश्वकप रोमांचक रहने वाला है। इटली के बाहर होने ने भी सभी को चौंका दिया।

# श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 का आगाज तीन अप्रैल से



**बरेली।** बरेली में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 का आगाज तीन अप्रैल से होगा। इस बार टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्राइज मनी में भी इजाफा किया गया है। बरेली में श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाला श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 तीन अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। ट्रस्ट के सेक्रेटरी एवं बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इनामी राशि में भारी बढ़ोतरी की गई है। पिछले वर्ष जहां विजेता को एक लाख रुपये दिए गए थे, वहीं इस साल चैंपियन टीम को दो लाख रुपये और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और गेंदबाज को 5100-5100 रुपये दिए जाएंगे।बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट में दिल्ली, मेरठ, प्रयागराज, बुलंदशहर, अमरोहा, पीलीभीत और मेजबान बरेली की कुल 12 प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को चार ग्रुप में विभाजित किया गया है, जिसमें आईके कलेक्शन बरेली, एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी, मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और जीका इलाहाबाद जैसी दिग्गज टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट का स्वरूप पेशेवर रखा गया है जिसमें सभी खिलाड़ी रंगीन ड्रेस में सफेद गेंद से प्रतिस्पर्धा करेंगे।




# सादोपुर महाकाल शनिधाम श्री खाटूश्याम मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दादरी के सादोपुर में स्थित महाकाल शनिधाम श्री खाटूश्याम मंदिर में प्रभु श्री हनुमान जी जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सादोपुर धाम में आयोजित प्रभु हनुमान जी महाराज जन्मोत्सव के अवसर पर एक शोभा यात्रा निकाली गयी। इस कार्यक्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्व चेयरमैन राजू पंडित मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य को लेकर हिंडन नदी पुल रातभर रहेगा बंद

## ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया एडवाइजरी प्लान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर में यातायात को प्रभावित करने वाली एक अहम सूचना जारी की गई है। रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार के बीच स्थित हिंडन नदी पुल पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य के चलते 2 अप्रैल की रात इस मार्ग को पूरी तरह बंद रखा जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने आमजन की सुविधा के लिए विस्तृत डायवर्जन प्लान भी जारी किया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, 2 अप्रैल की शाम 7 बजे से 3 अप्रैल सुबह 5 बजे तक पुल पर निर्माण कार्य किया जाएगा। इस दौरान रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार के बीच सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम यातायात को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

नागद्वार से दिल्ली जाने वाले वाहन चालक नागद्वार से सीधे रोटरी गोलचक्कर की ओर न जाकर करहेड़ा कट से पुराने जीटी रोड होते हुए हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन के पास रोटरी गोलचक्कर पहुंचकर एलिवेटेड मार्ग से दिल्ली की ओर जाएं। रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार/एयरफोर्स स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन यह वाहन रोटरी से नागद्वार की ओर न जाकर हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन होते हुए पुराने जीटी रोड से करहेड़ा कट या मोहननगर होकर अपने गंतव्य तक पहुंचें। दिल्ली से एलिवेटेड रोड के जरिए नागद्वार आने वाले वाहन रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार की ओर सीधे न जाकर हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन से पुराने जीटी रोड होते हुए करहेड़ा कट या मोहननगर होकर जाएं।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित समय में इस मार्ग का उपयोग करने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें। साथ ही, सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस का सहयोग करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कहा गया है कि देर रात यात्रा करने वाले लोग पहले से अपना रूट प्लान कर लें, ताकि जाम और देरी से बचा जा सके।

# नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित, बालिकाओं का दबदबा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें बालिकाओं ने कई कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर विभाग में कक्षा 6 की अक्शा, प्राइमरी में कक्षा 1 की दिया तथा नर्सरी-केजी वर्ग में काव्या ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। परिणाम के अनुसार कक्षा 8 में वंशिका रस्तोगी, 7 में कृष्ण, 6 में अक्शा, 5 में वंश, 4 में हर्षिता, 3 में यश, 2 में आयुष, 1 में दिया, केजी में आराध्या और नर्सरी में काव्या प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 में खुशी रानी, 7 में युवराज भटनागर, 6 में ईशान, 5 में अवि तालियान, 4 में माहिरा, 3 में अक्षिता, 2 में अक्की, 1 में सुभान, केजी में आनिया और नर्सरी में काव्या रहे। तृतीय स्थान पर कक्षा 8 में आहान, 7 में सना, 6 में लायबा, 5 में रक्षिता, 4 में नव्या गुप्ता, 3 में पृथ्वी सिंह, 2 में अजीम अहमद, 1 में अशरफ व कशिश, केजी में अनामिका तथा नर्सरी में ईशानी व अनंत रहे।

सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला मंडल की प्रदेश मंत्री अनामिका माहेश्वरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए निरंतर मेहनत करने और असफलता से निराश न होने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार 45 वर्षों में यहां से शिक्षित छात्र देश-विदेश व विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में शिक्षकगण व अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने फूंका 'स्कूल चलो अभियान' का शंखनाद

## बोले, शिक्षा से ही बनेगा सशक्त राष्ट्र






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में शिक्षा के उजियारे को हर घर तक पहुँचाने के संकल्प के साथ नवीन सत्र 2026-27 के 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री सुनील शर्मा (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रौद्योगिकी विभाग) ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि इस अभियान को एक सरकारी कार्यक्रम के बजाय एक जन-आंदोलन बनाया जाए।






### शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं, भविष्य का आधार: सुनील शर्मा

समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र शक्ति है जिससे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का कायाकल्प संभव है। उन्होंने जोर देते हुए कहा: हमारा लक्ष्य केवल स्कूलों में नामांकन की संख्या बढ़ाना नहीं है, बल्कि बच्चों को वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देना है जिससे उनके भीतर आत्मविश्वास जागृत हो। जब समाज का हर बच्चा स्कूल जाएगा, तभी 'विकसित भारत' का सपना साकार होगा।

**अधिकारियों और शिक्षकों को सौंपी जिम्मेदारी :** मंत्री जी ने शिक्षकों और अभिभावकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक या सामाजिक कारणों से शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए घर-घर दस्तक दी जाए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने जिले की कार्ययोजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बिजेंद्र चौहान, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि गाजियाबाद जनपद प्रदेश में शिक्षा के मानकों पर अग्रणी भूमिका निभाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शिक्षा के इस संकल्प में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। 'हर बच्चा स्कूल जाए' के नारे के साथ पूरे जनपद में जागरूकता रैलियों की रूपरेखा तैयार की गई।

## प्रतिबंधित कछुओं की तस्करी का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत कई कछुआ प्रजातियों का शिकार, व्यापार और उन्हें पालना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी लोग इसका भारी पैमाने पर तस्करी करने में लगे हुए हैं। बुधवार को थाना जारचा पुलिस ने प्रतिबंधित कछुओं के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 प्रतिबंधित कछुए व 1 विक्की (मोपेड) बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त उक्त कछुओं के बेचने के लिए जा रहा था। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आज थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कछुओं के साथ एक अभियुक्त गगन पुत्र सेठपाल को समाना नहर से बुलंदशहर की ओर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के कब्जे से 16 प्रतिबंधित कछुए व कछुए पकड़ने का 1 जाल बरामद किया गया हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्त से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है यह प्रतिबंधित कछुए किस जगह से पकड़ कर लाया है। वहीं बरामद कछुओं को वन-विभाग की टीम बुलाकर सुपुर्द किया गया है।



युवक से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उपनिरीक्षक पवन कुमार ने एक सूचना के आधार पर मन्नू यादव पुत्र रामनाथ यादव को गिरफ्तार किया है।

## शूटिंग रेंज के कबाड़ में लगी आग

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शूटिंग रेंज के कबाड़ में बुधवार सुबह आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई, लेकिन काफी देर तक दमकल की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंचीं। इससे आसपास के किसानों में अपनी फसलों को आग की चपेट में आने का डर सताता रहा है। यह घटना मॉड्यूलर निवाड़ी मार्ग पर डीजे डेंटल कॉलेज के सामने स्थित शूटिंग रेंज परिसर में हुई। शूटिंग रेंज को विश्व स्तरीय बनाने का काम चल रहा है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे अचानक परिसर में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। आग की लपटें ऊंची उठने लगीं, जिससे कॉलेज परिसर के छात्र अपनी कक्षाओं से बाहर आ गए। दमकल विभाग को आग लगने की सूचना तत्काल दी गई लेकिन काफी देर बाद पंहुची दमकल के कर्मियों ने पंहुचकर आग पर काबू पाया। इसके बाद निकट के किसानों ने भी राहत की सास ली। किसान दीपक त्यागी ने बताया कि उनके खेत शूटिंग रेंज के बिल्कुल पास हैं और उनमें गेहूं की फसल खड़ी है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि आग का विस्तार होता तो उनकी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती भी।



## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक 17 वर्षीय किशोरी को अगवा कर कार में दुष्कर्म करने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना भोजपुर थानाक्षेत्र में हुई थी। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस के अनुसार, गत 13 फरवरी को 17 वर्षीय किशोरी स्कूल जा रही थी। इसी दौरान कार सवार युवकों ने उसे अगवा कर लिया। आरोप है कि कार में बंधक बनाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया गया।

# रेलवे के बीच ट्रैक पर फंसा ट्रक, मचा हड़कंप

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हापुड़ रोड़ रेलवे फाटक पर एक ट्रक हाइट बैरियर में फंस गया, जिससे कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। हापुड़ की ओर से आ रहा यह ट्रक फाटक पार करते समय बीच ट्रैक पर अटक गया था।

प्रत्यशदर्शियों के अनुसार ट्रक पहले हाइट बैरियर को तो आसानी से पार कर गया था, लेकिन दूसरे हाइट बैरियर पर पहुंचते ही वह फंस गया। इस दौरान ट्रक रेलवे ट्रैक के ठीक बीच में खड़ा हो गया, जिससे आवाजाही रुक गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

गनीमत रही कि उस समय किसी ट्रेन के गुजरने का समय नहीं थाए, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए चालक को सतर्क किया। स्थानीय लोगों और चालक की सूझबूझ से ट्रक को धीरे-धीरे पीछे किया गया और काफी मशक्कत के बाद उसे फाटक से बाहर निकाला जा सका। इस घटना के कारण कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा, लेकिन समय रहते स्थिति सामान्य कर ली गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक पर लगे हाइट बैरियर की ऊंचाई और संकेतकों को और स्पष्ट किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। यह घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा इंतजामों की समय-समय पर जांच की जाए और आवश्यक सुधार किए जाएं।






## बैठक नहीं ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव का है इंतजार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार शीर्ष स्तर के अधिकारियों की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लेकर बैठकें हो रही हैं, लेकिन इन बैठकों का रोड पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बेहद आधुनिक इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की शुरूआत हो चुकी है, बावजूद इसके ना तो चालान वाली संख्या में कमी आ रही हो ना सड़क हादसों में और ना ही गलत दिशा से लेकर नियम तोड़ने वालों पर कोई अंकुश लग पा रहा है। शहर भर में जाम की स्थिति शहर के खास इलाकों से लेकर पीक अवर्स में अन्य स्थानों की क्या है वह किसी से छुपी नहीं है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लगातार मीटिंग तो हो रही हैं लेकिन ट्रैफिक वाली व्यवस्था की अव्यवस्था दूर नहीं हो रही है। इन सबके बीच कहा जा रहा है कि लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ रही है। तो ट्रैफिक पुलिस के थ्री-स्टार बढ़ाए जा रहे हैं। उनको नई सुविधा दी जा रही है बावजूद उसके हकीकत और जमीनी स्तर पर परिणाम बदलते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जब नंबर दो की पोजीशन वाले साहब आए तो कहा जा रहा था कि बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा लेकिन एक महीने से अधिक का समय होने को है, पर अभी भी व्यवस्था में कोई बड़ा परिवर्तन नजर नहीं आ रहा है। वहीं लगातार साहब और निचले अधिकारी मीटिंग तो कर रहे हैं लेकिन परिणाम की प्रतीक्षा जनता और मीडिया दोनों कर रही है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद यातायात को लेकर रोजाना बड़ी संख्या में ट्वीट आते हैं। तो अव्यवस्था भी जनता को परेशान करती है जबकि गाजियाबाद जैसी मेट्रोपॉलिटन सिटी की व्यवस्था बेहतर और आधुनिक होनी चाहिए, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। वहीं इन सबके पीछे कई तरीके के तर्क और समस्याएं भी आती हैं लेकिन हालत जो बने हुए हैं, वह हैरान परेशान और लोगों को मुश्किल देने वाले हैं। अब गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है और रेड लाइटों पर वाहन इतनी-इतनी देर रुकते हैं कि पसीना और परेशानी दोनों होती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को आधुनिक, मॉडर्न और बेहतर बनाया जा रहा है। तो यहां की ट्रैफिक समस्या के समाधान के व्यापक और बहुत ही तेज समाधान ढूंढने होंगे ताकि जनमानस को राहत दी जा सके और लोगों के बीच पुलिस की एक सकारात्मक, शानदार और सही तस्वीर बन सके।




# केजीबीवी वार्डन सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षण का हुआ समापन

## आधी आबादी को सशक्त बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण : विधायक धर्मेश तोमर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षा मंत्रालय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन के पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, गाजियाबाद के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक धर्मेश सिंह तोमर, डॉ. सौरभ राजपूत (उपनिदेशक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, गाजियाबाद), गुंजन (प्रशिक्षण अधिकारी, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान) एवं कुणाल मुद्गल जिला समन्वयक बालिका शिक्षा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आयी कस्तूरबा वार्डन को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि वार्डन को शैक्षणिक योजनाओं से लेकर वित्तीय योजनाओं तक सभी जानकारी होना अति आवश्यक है। विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता में जनपद के कस्तूरबा गांधी विद्यालय उत्तम श्रेणी में आते हैं। आचार्य सौरभ राजपूत ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुकूल वातावरण में प्राप्त प्रशिक्षण की गुणवत्ता भी उत्कृष्ट हो जाती है आप सभी इसका बेहतरीन लाभ बालिकाओं को पहुंचाएंगे ऐसी आप सभी से अपेक्षा है। प्रशिक्षण में कुणाल मुद्गल ने कहा कि प्रशिक्षण का प्रभाव हमारे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में दिखाई देना चाहिए। प्रशिक्षण में रिचा राणा एवं सुमित मास्टर ट्रेनर के रूप में रहे। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक मंच संचालन पूनम शर्मा के द्वारा किया गया। अंशू सिंह, नीतू सिंह, रेनू चौहान, रेनू चौधरी, रीनू चौधरी एवं निशि रानी का विशेष सहयोग रहा।

# आरकेजीआईटी में 'तत्व 2026' का आगाज

## सुनंदा शर्मा की सुरमयी शाम और 45 से अधिक स्पर्धाओं का संगम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आगामी 2 और 3 अप्रैल 2026 को वार्षिक उत्सव 'तत्व 2026' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। संस्थान के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल इस दो दिवसीय उत्सव का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष उत्सव में रचनात्मकता और कौशल को बढ़ावा देने के लिए 45 से अधिक प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार की गई है।

तकनीकी व बौद्धिक : रोबो रेस, कोडिंग, वेब डिजाइनिंग, वर्ड पार्लियामेंट और ग्रुप डिस्कशन।

सांस्कृतिक व कला : नुक्कड़ नाटक, सोलो व ग्रुप डांस, आर्ट मेला और ओपन माइक।

खेलकूद : कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसी अंतर-कॉलेज स्पधाएं।

मैनेजमेंट : प्रबंधन छात्रों के लिए विशेष 'अलाक्रिटी मेकफेस्ट'।

आयोजन को लेकर छात्रों में जबरदस्त क्रेज है, जिसका प्रमाण अब तक प्राप्त 2000 से अधिक पंजीकरण हैं। उत्सव का मुख्य आकर्षण 3 अप्रैल की शाम होने वाली 'सेलेब्रिटी नाइट' होगी, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगी। इसी दिन समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद तथा भाजपा नेता रियाजुद्दीन सलमानी ने दिल्ली के चेम्स फोर्ड क्लब में अपने प्रिय मित्र गुरमीत सिंह को जन्मदिवस की बधाई दी। भाजपा नेता रियाजुद्दीन सलमानी ने दोस्त के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। एक दोस्त के जन्मदिन पर एक दोस्त की खुशी को साझा करती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



## ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने वर के साथ बातचीत से इनकार किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ किसी भी कूटनीतिक बातचीत से इनकार करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसा पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान किसी भी संभावित जमीनी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसे का स्तर शून्य है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने साफ किया कि तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है। अराघची ने बताया कि पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्षों पहले एक समझौता हुआ था, लेकिन अमेरिका बिना किसी ठोस वजह के उससे पीछे हट गया।

# ईरान युद्ध के बीच ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रंप का साथ, होर्मुज पर बुलाई 35 देशों की बैठक

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन अपनी सेना को किसी बाहरी आक्रामक युद्ध में नहीं झोंकेगा। हालांकि, रक्षात्मक उद्देश्यों के लिए ब्रिटेन ने अपने सैन्य ठिकानों के सीमित इस्तेमाल की अनुमति दी है।

पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलग रहा है। इस्राइल और अमेरिका ने मिलकर सबसे पहले ईरान पर हमला किया। बदले में ईरान ने आस-पास के सभी दुश्मन देशों को निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील की। लेकिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ईरान युद्ध में शामिल न होने के अपने रुख पर अडिग हैं।



दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा। उन्होंने साफ-साफ कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है।

**ब्रिटेन के ऊपर बनाया जा रहा था दबाव:** उनका यह फैसला ऐसे समय में आया है जब नाटो सहयोगी देशों की तरफ से ब्रिटेन पर इस जंग में कूदने का भारी दबाव बनाया जा रहा था। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि वह देश की सेना को किसी ऐसे आक्रामक अभियान का हिस्सा नहीं बनने देंगे, जिससे ब्रिटेन के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचे।

**35 देशों की एक 'महाबैठक' करने के लिए तैयार ब्रिटेन**

वहीं, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने एलान किया है कि जंग की मार झेल रहे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन इसी हफ्ते करीब 35 देशों की एक 'महाबैठक' की मेजबानी करने जा रहा है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने बताया कि इस बेहद संवेदनशील बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन की विदेश सचिव यवेट कूपर करेंगी। हालांकि, उन्होंने बैठक के सटीक दिन का खुलासा अभी नहीं किया है।

**सैन्य ठिकाने के इस्तेमाल की दी इजाजत:** बता दें कि प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कूटनीति की बारीकियों को समझते हुए पूरी तरह से हाथ भी नहीं खींचे हैं।

### कूटनीति से निकलेगा रास्ता

प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि इस चर्चा में हम उन सभी कूटनीतिक और राजनीतिक कदमों का आकलन करेंगे, जो हम होर्मुज की आजादी को बहाल करने के लिए उठा सकते हैं। हमारा मकसद वहां फंसे जहाजों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जरूरी सामानों की आवाजाही को फिर से शुरू करना है। कीर स्टार्मर ने कहा कि इस बैठक के बाद हम सैन्य योजनाकारों को भी एक साथ लाएंगे। उनका काम यह देखना होगा कि युद्ध खत्म होने के बाद हम अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल कैसे करें, जिससे इस समुद्री रास्ते को हमेशा के लिए सुरक्षित और सुलभ बनाया जा सके। इस महाबैठक में वे देश शामिल हो रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए थे। इन देशों ने कसम खाई थी कि वे होर्मुज से जहाजों के सुरक्षित गुजरने के लिए हर संभव प्रयास के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# भारत-अमेरिका संबंधों को कितनी अहमियत देते हैं ट्रंप



### ⇨ राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद राजदूत गोर का खुलासा

**वॉशिंगटन।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर कुछ दिनों के लिए अमेरिका वापस गए हैं। इस दौरान व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों को बेहद अहम मानते हैं। इस बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। राष्ट्रपति ट्रंप भारत और अमेरिका के बीच के रिश्तों को बहुत अहमियत देते हैं। सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे कुछ दिनों के लिए अमेरिका वापस आए हैं। उनकी पहली मुलाकात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई। गोर ने बताया कि राष्ट्रपति दोनों देशों के संबंधों को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ओवल ऑफिस की एक तस्वीर भी पोस्ट की।

# खुला रहेगा होर्मुज जलडमरूमध्य, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं






**तेहरान।** जंग के बीच ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि उसके लिए होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। ईरान की संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के प्रमुख ने कहा कि ईरान के नए नियमों का पालन करने वाले को इस अहम जलमार्ग से गुजरने की अनुमति मिलेगी। पढ़िए रिपोर्ट-

ईरानी संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने बधुवार को अमेरिका पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य उनके लिए बंद कर दिया जाएगा, जो नए नियमों का पालन नहीं करेंगे। अजीजी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शासन बदलने का सपना तो किया है, लेकिन क्षेत्र के समुद्र में।

**इब्राहिम अजीजी ने क्या कहा:** उन्होंने कहा, आखिरकार ट्रंप ने शासन परिवर्तन का सपना तो पूरा किया है, लेकिन क्षेत्र के समुद्र में। होर्मुज जलडमरूमध्य निश्चित तौर पर खुला रहेगा। लेकिन आपके लिए नहीं। यह उन लोगों के लिए होगा, इस्लामी गणराज्य ईरान के नए नियमों का पालन करेंगे। 47 साल की मेहमाननवाजी का दौर खत्म हो गया है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने क्या कहा:** मंगलवार को ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि अमेरिका जल्द ही ईरान से बाहर निकल आएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे बस ईरान से निकलना है और हम बहुत जल्द ऐसा करेंगे। इसके बाद वे खुद ही गिर जाएंगे। आज शेयर बाजार लगभग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि दो उन्हें दो बातें पता हैं। पहली- हमारा देश सुरक्षित है। हमें थोड़ा रास्ता (तरीका) बदलना पड़ा, क्योंकि हमारे पास खामेनेई नाम का एक पागल व्यक्ति था, जो अब हमारे बीच नहीं है। हमने पहले शासन परिवर्तन कर लिया है। हमने एक शासन को हटाया। फिर दूसरे को हटाया। अब हमारे पास ऐसे लोगों का समूह है, जो बहुत अलग हैं। जो ज्यादा पहुंच में हैं।

### कई वर्षों तक परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा ईरान: ट्रंप

ट्रंप ने कहा कि वह बिना किसी समझौते के भी वहां से निकल जाएंगे। उन्होंने कहा, 'नहीं..उन्हें मेरे साथ समझौता करने की जरूरत नहीं है। जब हमें लगेगा कि उन्हें लंबे समय के लिए पाषाण युग में पहुंचा दिया गया है और वे परमाणु हथियार नहीं बना पाएंगे, तब हम वहां से निकल जाएंगे। समझौता हो या न हो, इससे फर्क नहीं पड़ता। हालांकि, संभवना है कि समझौता हो जाएगा, क्योंकि वे समझौता करना चाहते हैं। वे मुझसे ज्यादा समझौते करना चाहते हैं। लेकिन, जल्द यह सब खत्म हो जाएगा। वे कई वर्षों तक परमाणु हथियार नहीं बना पाएंगे।

# ट्रंप ने नाटो को बताया 'कागजी शेर', जंग में शामिल न होने पर यूके पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) से अमेरिका को बाहर निकालने पर गहराई से विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, नाटो ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल नहीं हुआ। ट्रंप ने नाटो को 'कागजी शेर' करार दिया।

टेलीग्राफ के साथ इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, 'यह गठबंधन (नाटो) एक कागजी शेर है और ब्रिटेन के पास नौसेना तक नहीं है।' यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि व्हाइट हाउस यूरोप को भरोसेमंद रक्षा सहयोगी नहीं मान रहा है। ट्रंप ने अपने यूरोपीय सहयोगियों से मांग की थी कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए अपने युद्धपोत भेजें। लेकिन उन्होंने इस मांग को ठुकरा दिया।



ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे युद्ध के बाद अमेरिका की नाटो सदस्यता पर पुनर्विचार करेंगे। उन्होंने जवाब दिया, हां, मैं कहूंगा कि यह पुनर्विचार से परे है। मैं कभी भी नाटो से प्रभावित नहीं हुआ। मैं हमेशा जानता था कि वह एक कागजी शेर है और पुतिन को भी यह पता है।

**होर्मुज से गुजरता है दुनिया का लगभग 20 फीसदी तेल**

होर्मुज लडमरूमध्य से दुनिया का लगभग 20 फीसदी तेल गुजरता है। जंग के कारण तेहरान ने इस जलडमरूमध्य को हफ्तों तक बंद रखा, जिससे वैश्विक तेल और गैस की कीमतें बढ़ गईं और वैश्विक मंदी की चिंताएं बढ़ीं।

**ब्रिटेन पर निशाना साधते हुए क्या कहा?**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की आलोचना की और कहा कि उन्होंने अमेरिकी-इस्राइली युद्ध में शामिल होने से मना किया और यह सुझाव दिया कि रॉयल नेवी इसके लिए तैयार नहीं है। ट्रंप ने ब्रिटेन के युद्धपोतों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा, आपके पास नौसेना तक नहीं है। आपके पास बहुत पुराने युद्धपोत हैं और आपके विमानवाहक काम नहीं करते हैं।

जब पूछा गया कि क्या ब्रिटिश प्रधानमंत्री को रक्षा पर अधिक खर्च करना चाहिए, ट्रंप ने कहा- मैं उन्हें यह नहीं बताने वाला कि क्या करना है। वह जो चाहें, कर सकते हैं। स्टार्मर केवल महंगी पवन चक्कियां चाहते हैं, जो आपकी ऊर्जा की कीमतों को आसमान पर ले जा रहे हैं।

## 54 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्री रच सकते हैं इतिहास

**वाशिंगटन।** नासा ने आर्टेमिस क्क मिशन की तैयारी पूरी कर ली है और 1 अप्रैल को लॉन्च होगा। नासा के चार अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा में ट्रेनिंग में जुटे हैं। इनमें कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडाई जेरेमी हैनसेन शामिल हैं। यह सभी अंतरिक्ष यात्री शुक्रवार को ह्यूस्टन से ळ-38 जेट विमान से कैनेडी स्पेस सेंटर पहुंचे।

नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने अगले कुछ वर्षों में चांद पर एक स्थायी बेस स्थापित करने की योजना रखी है। बीते हफ्ते ही एजेंसी ने अगले एक दशक के चांद से जुड़े मिशन्स का रोड मैप सामने रखा था। इसमें ही चांद पर बेस बनाने और इसके लिए कुछ आधारभूत ढांचों को लगाने की समयसीमा का भी खुलासा किया गया।

नासा की तरफ से यह पूरी योजना ऐसे समय में रखी गई है, जब उसके आर्टेमिस-2 मिशन लॉन्च होने की तारीख नजदीक आ चुकी है।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष : दोनों देशों ने फिर शुरू की बातचीत, युद्ध विराम की कोशिशों में जुटा चीन

**इस्लामाबाद।** दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्धों के बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि, चीन दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम कराने की कोशिश कर रहा है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने एक बार फिर वार्ता शुरू की है। चीन दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहा है और संघर्षविराम कराने की कोशिश में जुटा है। एक महीने से जारी संघर्ष को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

चीन की मध्यस्थता की जानकारी रखने वाले एक तीसरे व्यक्ति ने बताया कि इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य मौजूदा संघर्ष को खत्म करना है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों देशों के प्रतिनिधि उत्तरी चीन के उरुमकी शहर में बैठक कर रहे हैं। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि उन्हें मीडिया से बातचीत की अनुमति नहीं दी।



हालांकि, चीन की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस घटनाक्रम की नतो पुष्टि की है और न ही इससे इनकार किया है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में हमलों की संख्या में भारी इजाफा हुआ। इसके कारण दोनों देशों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान आतंकियों को पनाह देता है, खासकर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को। यह संगठन अफगान तालिबान से जुड़ा माना जाता है, जिसने 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता संभाली थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान इन आरोपों से इनकार करता है। कई महीनों से दोनों देशों के बीच जारी गहमागहमी के बाद फरवरी से दोनों देशों के बीच लड़ाई तेज हुई है, जो दशकों में सबसे गंभीर मानी जा रही है।

# युद्ध में रसायनिक हथियारों के इस्तेमाल का डर, इस्राइल ने ईरान की फैक्ट्री पर किया हमला

**तेहरान।** इस्राइल ने ईरान की एक फैक्ट्री को निशाना बनाया है। इस्राइल का दावा है कि इस फैक्ट्री में रासायनिक हथियारों के लिए फेंटानिल ड्रग बनाई जा रही थी। हालांकि ईरान ने इन दावों को खारिज कर दिया है और इस्राइल पर दवाकंपनियों पर हमले का आरोप लगाया है।

इस्राइल ने बुधवार तड़के दावा किया कि उसने ईरान में एक ऐसे प्लांट पर हमला किया है, जहां से फेंटानिल नामक शक्तिशाली सिंथेटिक ड्रग की आपूर्ति ईरान की सरकार को की जा रही थी।

इस्राइल का दावा है कि इस फेंटानिल ड्रग का इस्तेमाल रासायनिक हथियार बनाने में किया जा सकता था। ईरान सरकार ने भी तेहरान स्थित तोफिघ दारू फैक्ट्री पर हमले की पुष्टि की और इस्राइल के दावे को खारिज कर दिया। ईरान ने जोर देकर कहा कि वहां केवल अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं का उत्पादन होता है।



**ईरान के विदेश मंत्री ने इस्राइल पर लगाए आरोप**

दोनों देशों के अनुसार यह हमला मंगलवार को हुआ। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फैक्ट्री की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'इस्राइल के युद्ध अपराधी अब खुलेआम और बेशर्मी से दवा कंपनियों पर बमबारी कर रहे हैं।' फेंटानिल का इस्तेमाल अस्पतालों में गंभीर दर्द के इलाज के लिए किया जाता है, हालांकि इसकी थोड़ी सी मात्रा भी घातक साबित हो सकती है।

### इस्राइल और अमेरिका ने लगाए गंभीर आरोप

इस्राइल और अमेरिका पहले भी यह आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान हथियारों में फेंटानिल का इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका ने इससे पहले यह भी कहा था कि ईरान के शैक्षणिक शोध में इस बात का अध्ययन किया गया कि 2002 के मॉस्को थिएटर बंधक संकट के दौरान रूस ने संभवतः फेंटानिल के एक रूप का इस्तेमाल किया था।

इस्राइल का आरोप है कि तोफिघ दारू फैक्ट्री तेहरान के एक उन्नत शोध संस्थान एसपीएनडी (SPND) को फेंटानिल की आपूर्ति करती थी। अमेरिका का दावा है कि एसपीएनडी ने ऐसे शोध और परीक्षण किए हैं, जिनका इस्तेमाल परमाणु विस्फोटक उपकरणों और अन्य हथियारों के विकास में किया जा सकता है।

### ईरान युद्ध के बीच जहाजों पर हमले बढ़े

इस बीच, बुधवार तड़के कतर के तट के पास एक तेल टैंकर पर भी हमला हुआ। ब्रिटेन की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि एक प्रोजेक्टाइल जहाज से टकराया। हालांकि, इस हमले में किसी तरह का पर्यावरणीय नुकसान नहीं हुआ और जहाज का चालक दल सुरक्षित है। वहीं, मंगलवार को दुबई के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर भी हमला हुआ था। युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक फारस की खाड़ी में 20 से अधिक जहाजों पर हमले हो चुके हैं।

### यमन से इस्राइल पर हुआ मिसाइल हमला

इस्राइली मीडिया ने बताया कि यमन से इस्राइल पर एक मिसाइल दागी गई, जिसे इस्राइली सेना ने इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया। इस हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं। इस हमले के चलते दक्षिणी इस्राइल में सायरनों की आवाज सुनी गई।

# इस्राइल का बड़ा दावा: ईरान के 4000 ठिकानों पर बरसाए 16000 बम 2000 सैनिक ढेर, नेतान्याहू ने फिर दी खुली धमकी

**तेल अवीव।** इस्राइली सेना ने ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान का बड़ा ब्योरा साझा किया है। इस्राइल का दावा है कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान में हजारों ठिकानों को तबाह कर दिया है और कई शीर्ष अधिकारियों को मार गिराया है।

इस्राइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के खिलाफ चल रहे अपने सैन्य अभियान के पैमाने का विवरण दिया है। आईडीएफ ने दावा किया है कि पिछले एक महीने में ईरान के भीतर हजारों ठिकानों को निशाना बनाया है। इस अभियान में अमेरिकी सेना का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इस्राइल ने कहा है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य ईरान की सैन्य शक्ति और उसके आतंकी नेटवर्क का खात्मा करना है।

### हिजबुल्ला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज

इस्राइली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफरिन ने एक्स पर एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने दावा कि इस संयुक्त अभियान में अब तक 4,000 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया है। इन हमलों में ईरान के 10,000 से अधिक आतंकी घटकों को नष्ट कर दिया गया है। इस्राइल का दावा है कि उसने ईरानी हवाई क्षेत्र में एक ईरानी विमान को मार गिराया है। सेना ने यह भी कहा कि इस दौरान लेबनान में घुसकर हिजबुल्ला के खिलाफ भी अभियान तेजी लाई गई है।



**16,000 से ज्यादा बम बरसाए, आईडीएफ का दावा**

प्रवक्ता के अनुसार, इस्राइली वायुसेना ने ईरान में लगभग 800 उड़ानें भरीं और 16,000 से ज्यादा बम बरसाए। इस सैन्य कार्रवाई में ईरान के 2,000 से ज्यादा सैनिकों और कमांडरों के मारे जाने की बात कही गई है। वहीं, मास्टर आतंकवादी अली खामेनेई को खत्म करने का भी दावा किया गया है। इस्राइल ने दावा किया कि उसकी वायुसेना महज 24 घंटे के भीतर तेहरान के केंद्र तक पहुंच गई। सेना के मुताबिक सिर्फ 40 सेकंड के भीतर ईरानी शासन के 40 बड़े अधिकारियों को खत्म कर दिया गया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने भी इस हमले की पुष्टि की है। अमेरिका ने ईरान के भीतर बने जमीन के नीचे सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं।

सेंटकॉम का कहना है कि इन हमलों का मकसद ईरान की अपनी सीमाओं के बाहर ताकत दिखाने की क्षमता को कम करना है। अमेरिका और इस्राइल दोनों मिलकर ईरान को भविष्य में किसी भी बड़े खतरे को पैदा करने से रोकना चाहते हैं।

दूसरी ओर ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) ने भी पलटवार का दावा किया है। ईरानी मीडिया के अनुसार ईरान ने अमेरिका और इस्राइल के ठिकानों पर चार बड़े हमले किए हैं। हमले में तेल अवीव में मिसाइल गिरने से सड़क पर गड्ढा हो गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। ईरान ने फारस की खाड़ी में इस्राइल के एक मालवाहक जहाज पर मिसाइल दागने का दावा किया है। इसके अलावा यूएई में अमेरिकी मरीन के ठिकाने और बहरीन में अमेरिकी ड्रोन सिस्टम को नष्ट करने की बात भी कही गई है।

### ईरानी सत्ता जल्द ढह जाएगी: नेतान्याहू

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस अभियान को लेकर अपना रुख रखा। उन्होंने कहा कि इस्राइल और अमेरिका मिलकर ईरान सरकार को व्यवस्थित तरीके से कुचल रहे हैं। नेतन्याहू ने दावा किया कि जल्द ही ईरान का शासन खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस्राइल इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा है ताकि ईरानी खतरे का मिलकर मुकाबला किया जा सके।

# कई दलों के कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

## जिला अध्यक्ष ने फूल माला पहनकर सभी का किया स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मैं आयोजित एक कार्यक्रम में कई दलों के कार्यकताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कई पंजीकृत दलों के कार्यकताओं ने पार्टी के नीतियों पर विश्वास जताते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इन दलों में विकासवादी इंडियन पार्टी, महामोर्चा, वीआईपी पार्टी के सदस्य शामिल थे इसके अलावा प्रमुख समाजसेवी ब्रह्मानंद चौटाला ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा 10 अन्य कार्यकताओं ने पार्टी के प्रति निष्ठा जताते हुए सदस्यता ग्रहण की । जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने सभी कार्यकताओं का फूलमाला पहनकर स्वागत किया ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रति आस्था जताने के लिए सभी कार्यकताओं का आभार है । कांग्रेस की नीतियां सबको साथ लेकर चलने की रही है । पार्टी विभाजनकारी नीतियों पर विश्वास नहीं करती है यही वजह है कि पूरे देश में बड़ी संख्या में नवयुवक पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस तानाशाह सरकार ने जनमानस का जीना दूभर कर रखा है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य रणनीति के तहत किया जाएगा। इस तानाशाह सरकार ने राजनीति के तहत सभी 125 से अधिक दलों के पंजीकरण को भी निरस्त कर दिया गया है।



इस मौके पर एक और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सभी सदस्यों ने केक काटकर सुनील सिंह को जन्मदिन की बधाई दी।

इस मौके पर सुरेंद्र शर्मा, राजकुमार, ममता सिंह, अश्वनी त्यागी, कोषाध्यक्ष डोली त्यागी, महिला जिला अध्यक्ष लजजा यादव, सुशील शर्मा, पूजा सिंह पाल, राजाराम भारती, हरेंद्र बाबा, महफूज अली, गिरीश शर्मा, एसपी त्यागी, हरेंद्र सिंह, सीमा, नजमीन, मोहम्मद इरफान, महफूज खान, रियाज अहमद सैफी आदि उपस्थित थे।

**संबंध विच्छेद**

हम फैजल हसन पुत्र उम्मेद अली व शहाना पत्नी फैजल हसन, निवासीः ग्राम त्योडी 13 बिस्वा, थाना भोजपुर तहसील मोदीनगर, जिला गाजियाबाद, अपने पुत्र फारूख व उसकी पत्नी श्रीमती गुलिस्ता को दुर्व्यवहार करने व कहा नही मानने से तंग व परेशान होकर उनसे अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए वे लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। हम व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

02 April -26 page 8 01-04-2026 10:54 PM Page 1





गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

## 1 अप्रैल से जनगणना 2027 की प्रक्रिया शुरू
# पहली बार डिजिटल होगी गणना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से शुरू हो गई है। पिछली जनगणना 2010-11 में हुई थी। इस बार जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में गृह सूचीकरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 के बीच राज्यों में तय 30 दिन की अवधि में कराया जाएगा, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना 9 से 28 फरवरी 2027 तक पूरे देश में चलेगा। जनगणना 2027 की खास बात यह है कि यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें लोगों को अपनी जानकारी ऑनलाइन स्वयं भरने की सुविधा मिलेगी और एक यूनिक कोड जनरेट होगा, जिसे प्रगणक को दिया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश में गृह सूचीकरण 22 मई से 20 जून 2026 तक होगा, जबकि स्व-गणना की सुविधा 7 मई से 21 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। सरकार की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इसे नीतियों व योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है।

## अवैध वेयरहाउसों पर चला जीडीए का डंडा, भारी पुलिस बल ने कई संपत्तियां कीं सील



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण और बिना मानचित्र स्वीकृति के फूल-फल रहे व्यावसायिक ढांचों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को उपाध्यक्ष के कड़े निर्देशों के अनुपालन में प्रवर्तन जोन-08 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोनी और करहेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कई वेयरहाउसों और अवैध निर्माणों को सील कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जैसे ही प्राधिकरण की टीम सीलिंग के लिए पहुंची, निर्माणकर्ताओं और उनके समर्थकों ने काम रोकने के लिए भारी विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए प्राधिकरण पुलिस बल और क्षेत्रीय पुलिस ने मोर्चा संभाला और प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित कर सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की। मौके पर मौजूद प्रवर्तन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर के नियोजित विकास से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध कॉलोनियों और बिना अनुमति के किए गए व्यावसायिक निर्माणों के विरुद्ध यह अभियान थमने वाला नहीं है। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी। इस पूरी कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन जोन-8 का समस्त स्टाफ, प्राधिकरण का विशेष पुलिस दस्ता और स्थानीय थाने का पुलिस बल मुस्तैद रहा। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धाराओं के तहत निम्नलिखित स्थानों पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई :

**करहेड़ा (खसरा सं0-3050) :** अशोक एवं मास इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0 द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के संचालित वेयरहाउस को सील किया गया। रामपार्क मेन (भूखण्ड संख्या-ई-1) : पुस्ता सर्विस रोड पर मोनू सिंह और संजय चौहान द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर कार्रवाई हुई। रामपार्क पुस्ता रोड (लोनी) : सुशील त्यागी, सतेन्द्र चौहान, निमित लोथरा, जितेन्द्र चौहान और अनिल द्वारा अवैध रूप से बनाए गए वेयरहाउसों और निर्माणों को बंद कर दिया गया।

# समरकूल ने रचा इतिहास, 500 करोड़ से अधिक सेल्स के साथ बनाया नया कीर्तिमान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में समरकूल ने अपने 34 वर्षों के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 500 करोड़ से अधिक की ऐतिहासिक बिक्री दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस बड़ी उपलब्धि पर समरकूल प्रतिष्ठान में उत्साह का माहौल रहा, जहां टीम ने एक साथ केक काटकर सफलता का जश्न मनाया।

**चेयरमैन संजीव गुप्ता के नेतृत्व में सफलता :** इस उपलब्धि के पीछे चेयरमैन संजीव गुप्ता का मार्गदर्शन, दूरदर्शिता और निरंतर मेहनत प्रमुख रही। उनके नेतृत्व में कंपनी ने न केवल बाजार में अपनी पकड़ मजबूत की, बल्कि गुणवत्ता और विश्वास के दम पर अपने ब्रांड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। टीम वर्क और समर्पण का परिणाम संजीव गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय समरकूल के पूरे गोल्डन परिवार को देते हुए सभी सदस्यों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम की अभूतपूर्व मेहनत, समर्पण और एकजुटता का परिणाम है।

### सेगमेंट में श्रेष्ठ ब्रांड के रूप में पहचान

आज समरकूल अपने सेगमेंट में एक श्रेष्ठ और भरोसेमंद ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुका है, जिसने ग्राहकों के बीच गुणवत्ता और विश्वसनीयता की मजबूत पहचान बनाई है।

### आगे और ऊंचाइयों का लक्ष्य

कंपनी ने इस उपलब्धि को नई शुरूआत बताते हुए आने वाले वर्षों में और बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प दोहराया। ह्लसमरकूल लाइफ बनाए वंडरफुलह्व के संदेश के साथ ब्रांड लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है।

## सिद्धार्थ युगल के कार्यालय पर हुआ सत्यनारायण कथा का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता सिद्धार्थ युगल के रजापुर स्थित कार्यालय पर श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। पूजा एवं कथा के उपरान्त एक विशाल भन्डारे का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर सुभाष चौधरी , विशाल चौधरी और सिद्धार्थ चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब वर्मा जी ने पूछा स्वीट सी बात करने वाले मैम्बर त्यागी से गोवा जाने का प्रोग्राम? तब हमने देखा मिस्टर त्यागी के चेहरे पर नहीं दिखाई दी कोई भी खास मुस्कान? उन्होंने रख दिये अपने जज्बात बाहर? बोले हमें नहीं है ऐसे किसी का भी नेतृत्व स्वीकार? हमनें तो लैंस डाउन वाला टूर भी नहीं किया था अटैंड? आप समझ ही जाओ उनको लेकर हमारा है कितना स्टैंड?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो गये नामित मैडम के पास? वो बोले हमने आपको इस मंजिल तक पहुंचाने के लिए किये थे बड़े प्रयास? हमने निभाई है पूरी जिम्मेदारी? अब है आपकी बारी? आपको आगामी विधानसभा वाले चुनाव को लेकर हमारा रखना होगा ध्यान? अब हमारे लिए माहौल बनाना है आपका भी काम? आप तो जानते ही हैं कि एक इंसान ही आता है दूसरे इंसान के काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किसी ने कह दी एक भगवा कमिश्नर को लेकर गजब की बात? कहा उन्हें तो विधायक जी का ही बेसमेंट लगता है खास? वो वहीं पर डाले रहते हैं डेरा? ना जाने दिखाई देता होगा या नहीं दिखाई देता होगा सवेरा? सुना है इस बात को सुनकर अब विधायक के प्रिय कमिश्नर भी दे रहे हैं तर्क ? वो कह रहे हैं हम तो विधायक के बेसमेंट में ही रहेंगे? उन्हें क्यों पड़ रहा है इतना फर्क?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम जी हो गये हैं निगम वाले? मगर वो उस हिसाब से काम नहीं कर रहे हैं लाले? हमने देखा बसों वाले मैटर में उन्होंने नहीं किया काम बैटर? नहीं किया उन्होंने भीड़ का बिल्कुल भी इंतजाम? कहने वाले ने कहा हमें उनसे यही उम्मीद थी? आखिर उनके दिल में भगवा कहां है श्रीमान? उनसे पहले वालों को अगर दी गई होती ये वाली जिम्मेदारी? वो खुद भी जाते बसें भरकर बहुत सारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आपने एक बात पर दिया होगा बारीकी से ध्यान? योद्धा भले ही चाबी खोने वाले त्यागी जी को महानमंत्री ना बना पायें हों? मगर उन्होंने ये एहसास करा दिया? वो उनको महामंत्री का ही दे रहे हैं पैगाम? हमने देखा आये हैं जो ताजा ताजा आयाम? उन्होंने मिस्टर त्यागी को दिया है इसमें संयोजक का काम? कहने वाले ने कहा त्यागी जी भले ही महानमंत्री ना बने हों? मगर देखना उन्हें आने वाले समय में मिलते रहेंगे महामंत्रियों वाले ही काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था भंडारे में बिग जाट नेता और मीठी सी स्माईल वाले त्यागी जी के पास? मैंने सुना जाट नेता ने त्यागी जी को उनके ब्राह्मण होने का कराया एहसास? ये शब्द सुनकर गया किसी का ध्यान? कहने वाले ने कहा फिर तो हम ये मानें कि पार्टी ने तीन विधानसभा सीटों पर तीन ब्राह्मण चेहरों को दिया है विधायक वाला मान? शब्दों की नजाकत को मैम्बर त्यागी गये जान? उन्होंने कहा हम भूमिहार हैं? आप इस तरह से मत भटकाओ हमारा ध्यान? मुराद पूरी करने वालों की हम दिल से जिंदाबाद करते हैं? आप ये भी सुन लो श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यहां पर बिग जाट नेता ने गागर में सागर भरने वालों को लेकर भी उढ़ेले अपने मन के जज्बात? कहा उनको जिम्मेदारी हकीकत में मिलनी चाहिए थी? हमने भी किये थे शिद्दत से प्रयास? ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी भी काटी गई है बात? दो नजदीकी जनप्रतिनिधियों ने बिगाड़े हैं हालात? अगर वो दोनों इस चेहरे को लेकर नहीं हुए होते इस कदर ऐडामेंट? सच बता रहे हैं हमारे प्रिय की दावेदारी में नहीं लगता इतना गहरा डेंट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** करने वालों ने कर दिया है भगवागढ़ के एक सीनियर पार्षद को इशारा? उसको करने दो जितनी क्रान्ति करनी है? मगर तुम्हें बिल्कुल भी नहीं दिखाना है ऐसा नजारा? ज्यादा बोलोगे तो फिर हो जायेंगे भविष्य के अरमान शहीद? जब इस मैटर में सांसद से लेकर विधायकों ने चुप्पी साधी हुई है? तो तुम्हारा बोलना कहां तक है ठीक? कहने वाले ने कहा देखना अब पूरे मैटर में ये सीनियर पार्षद रहेंगे खामोश? आप खुद महसूस करोगे कहीं खो गया है इनका जोश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** तिकड़ी वाले त्यागी जी के चेहरे पर स्माईल थी प्योर? वो कह रहे थे कि हमारा भाई भले ही कितनों से ही नाराज क्यों ना हो? लेकिन वो खोलता है हमारे लिए डोर? हमने तो उसको कराया है इस बात का भी एहसास? हम खड़े हैं ऐसे बस स्टॉप पर? जहां पर बसें आती जाती रहती हैं बेहिसाब? आज नहीं तो कल तुम्हारे नंबर की भी बस जरूर आयेगी? तुम्हारे हिस्से की बहारें खूब शोर मचायेंगी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने की है सोशल मीडिया पर एक बात नोट? क्रान्तिकारी चोटी वाले त्यागी जी की दर्द भरी शायरी को कोई पसंद कर रहा है तो कोई कर रहा है रोस्ट? हमने देखा उन्हीं की तरह खता खाये एक ओबीसी चेहरे भी कर रहे हैं अब उनकी पोस्ट लाईक? कहने वाले ने कहा कि कुछ इस तरह भी होता है सनम? जब दो दर्द वाले चेहरे मिलते हैं? तो दोनों का दर्द हो जाता है कुछ हद तक कम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन से मजबूत हो रहा कचरा प्रबंधन, हर घर में बढ़ रही पृथक्करण की आदत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम लगातार ठोस कदम उठा रहा है। पांचों जोन में संचालित स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन के जरिए कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और पृथक्करण की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ समीक्षा बैठक कर कचरा पृथक्करण अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश समेत सभी जोनों के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, स्वच्छ भारत मिशन (रइट) टीम और कई सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि अब शहर में गीले और सूखे कचरे को अलग करने की आदत धीरे-धीरे घर-घर में विकसित हो रही है, जिसे और गति देने की जरूरत है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर में दो अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए और सफाई मित्रों के सहयोग से डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही प्रत्येक वार्ड में पार्षदों के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन समय से पहुंचे, इसकी निगरानी भी सख्ती से करने के निर्देश दिए गए।

### हाईराइज सोसाइटी हैं आगे

**करंट क्राइम :** हाईराइज सोसाइटीज द्वारा पहले से ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग उपलब्ध कराना सराहनीय बताया गया। नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कचरा पृथक्करण की आदत को अपनाएं। नगर निगम द्वारा टीमों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### हर जोन में अलग रहेगा इंतजाम



**करंट क्राइम :** नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शहर के विभिन्न जोनों में स्थापित गार्बेज फैक्ट्री और ट्रांसफर स्टेशनों के माध्यम से कचरे का पृथक्करण और निस्तारण लगातार किया जा रहा है। विजयनगर के अकबरपुर-बहरामपुर, मोहन नगर के राजेंद्र नगर, कविनगर के गोविंदपुरम और वसुंधरा जोन के साहिबाबाद क्षेत्र में स्थापित इकाइयों में आधुनिक मशीनों की मदद से गीले और सूखे कचरे को अलग किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नए स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन स्थापित करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं और रइट टीम को अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि रैग पिकर्स का सहयोग भी कचरा पृथक्करण में अहम भूमिका निभा रहा है।

## विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों से 35.58 करोड़ की सड़क परियोजना मंजूर
### दुधेश्वरनाथ मंदिर का मार्ग होगा आसान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री ग्रिड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के तहत NH-9 से गौशाला रोड होते हुए थाना रोड तक करीब 1.85 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण परियोजना को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 35 करोड़ 58 लाख रुपये है।

विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों से स्वीकृत इस परियोजना से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही दुधेश्वरनाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी मार्ग आसान हो जाएगा।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में गाजियाबाद में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे आधारभूत ढांचा मजबूत हो रहा है। मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता है।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय-विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत हमेशा अपनों की खुशी में शामिल होते हैं। सूर्य स्टील कम्पनी की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विरेन्द्र सारस्वत ने कम्पनी के एमडी जयकुमार गुप्ता को पुष्प देकर उन्हें बधाई दी और सफलता और उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि व्यापार की सफलता का केन्द्र व्यक्ति का व्यवहार होता है। हमें हमेशा अपने व्यवहार और कर्म को संतुलित रखना चाहिए इस अवसर पर उनके साथ राजीव त्यागी एडवोकेट भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## शहीद कमल जैन की पुण्यतिथि पर आज लोहा मंडी में सेवा कार्यक्रम : अतुल जैन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल द्वारा 2 अप्रैल 2026 को शहीद कमल जैन की पुण्यतिथि पर लोहा मंडी में भंडारा, निःशुल्क दांत व आंख जांच शिविर तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि मजदूरों, स्थानीय निवासियों और प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के लिए दंत उपचार, आंखों की जांच व मोतियाबिंद जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर वरदान सेवा संस्थान और आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर के सहयोग से आयोजित होगा। डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि 2 अप्रैल 1995 को कमल जैन की परिवार सहित हत्या कर दी गई थी, जिससे शहर में शोक और व्यापारियों में रोष फैल गया था।

मंडल हर वर्ष उनकी स्मृति में ऐसे सेवा कार्य करता है। इस वर्ष लोहा मंडी स्थित शहीद कमल जैन पार्क में उनकी प्रतिमा स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है।

# जेवर एयरपोर्ट विस्तार के लिए मुआवजा वितरण प्रक्रिया तेज
### 14 गांवों में 3 अप्रैल से लगेंगे कैंप प्रभावित किसानों को मिलेगा प्रतिकर



**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण स्टेज-2/फेज-2 एवं स्टेज-2/फेज-3 के लिए भूमि अर्जन के अंतर्गत जेवर तहसील के 14 ग्रामों की अर्जित/अधिनिर्णीत 1838.4176 हेक्टेयर भूमि के प्रतिकर वितरण के संबंध में बुधवार को डीएम मेधा रूपम द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। भूमि प्रतिकर वितरण के संबंध में आयोजित बैठक में डीएम ने भूमि अर्जन से प्रभावित कृषकों को 3 अप्रैल से अर्जन प्रभावित प्रत्येक ग्राम में प्रतिदिन चिह्नित स्थलों पर कैंप आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस कार्य के लिए डीएम द्वारा प्रत्येक गांव के लिए राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं अमीन को नामित किया गया। डीएम द्वारा तहसीलदार, जेवर को समस्त कैंपों का प्रभारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया कि वे संबंधित नायब तहसीलदार के साथ प्रतिदिन सभी ग्रामों का भ्रमण करेंगे तथा तैयार की गई पत्रावलियों पर अपने हस्ताक्षर करेंगे। प्रभावित कृषकों की सुविधा के लिए 3 अप्रैल से ग्राम थोरा के प्राथमिक विद्यालय-1 थोरा, ग्राम बंकापुर के डॉ. अंबेडकर भवन बंकापुर, ग्राम नीमका शाहजहांपुर के प्राथमिक विद्यालय-1, ग्राम अहमदपुर चौरोली के पंचायत भवन, ग्राम ख्वाजपुर के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम रामनेर के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम किशोरपुर के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम बनवारीबांस के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पारोही के डॉ. अंबेडकर भवन पारोही, ग्राम रोही के डॉ. अंबेडकर भवन पारोही, ग्राम मुकीमपुर शिवारा के प्राथमिक विद्यालय, ग्राम जेवर बांगर के प्राथमिक विद्यालय साबोता जाफराबाद, ग्राम साबोता मुस्तफाबाद के पंचायत भवन तथा ग्राम दयानतपुर के सर्व हितकारी इंटर कॉलेज दयानतपुर में कैंप आयोजित कर प्रभावित कृषकों के प्रतिकर प्रपत्र प्राप्त करते हुए प्रतिकर पत्रावलियां तैयार की जाएंगी तथा अन्य समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

# श्री बालाजी जन्मोत्सव पर हुआ भव्य निशान यात्रा, शाम को प्रसाद वितरण





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** श्री बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट (रजि.) द्वारा श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को भव्य आशीर्वाद निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा दोपहर 2 बजे ठाकुरद्वारा मंदिर, हापुड़ रोड से शुरू होकर दिल्ली गेट, डासना गेट, रामतेराम रोड, नया गंज, अनाज मंडी व घंटाघर होते हुए चौधरी मोड़ के रास्ते अंबेडकर रोड स्थित श्री बालाजी एवं श्री खाटू श्याम जी मंदिर पर रात 8 बजे पहुंची। इसके बाद प्रसाद भोजन व वितरण किया गया। समिति ने बताया कि वर्ष 1995 से मंदिर निर्माण, देखभाल व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024 में संस्था का ट्रस्ट के रूप में पंजीकरण होने के बाद अब यह श्री बालाजी मंदिर समिति ट्रस्ट (रजि.) के नाम से कार्यरत है। मंदिर प्रांगण में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी ट्रस्ट द्वारा कराया जा रहा है। समिति ने भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करने व मंदिर निर्माण में सहयोग देने की अपील की है। कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों में संस्थापक अशोक जिंदल, चेयरमैन सुधीर गोयल व मोनू, वाइस चेयरमैन महेंद्र गर्ग व प्रदीप कंसल, अध्यक्ष अमित जिंदल, महामंत्री अनुराग कंसल, संस्थापक कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण गोयल शामिल हैं।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।